# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–179 । सागर, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रुपए



77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया — पृष्ठ 5

▪ अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री
▪ मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी — पृष्ठ 6

▪ हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का पर्व — पृष्ठ 7

आन-बान-शान से फहराया राष्ट्रीय ध्वज — पृष्ठ 8


3 महिला जजों ने बनाई शब्दावली, हैंडबुक लांच

# सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शब्दावली जारी की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है। 8 मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी। बुधवार 16 अगस्त को हैंडबुक जारी करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे जजों और वकीलों को ये समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। अब अदालतों में अफेयर , हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्दों को इस्तेमाल नहीं होगा।

## वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी हैंडबुक

सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि इस हैंडबुक में आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है और उसकी जगह इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द और वाक्य बताए गए हैं। इन्हें कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में प्रयोग किया जा सकता है। यह हैंडबुक वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी है। इस हैंडबुक में वे शब्द हैं, जिन्हें पहले की अदालतों ने प्रयोग किया है। शब्द गलत क्यों हैं और वे कानून को और कैसे बिगाड़ सकते हैं, इसके बारे में भी बताया गया है।

### इन शब्दों को बदला गया

इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता–पिता ने शादी न की हो, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का इस्तेमाल करने को कहा गया। इसके अलावा प्रोवोकेटिव क्लोदिंग/ड्रेस (भड़काऊ कपड़े) की जगह क्लोदिंग/ड्रेस, एफेमिनेट (जनाना) की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का प्रयोग, वफादार पत्नी/अच्छी पत्नी/आज्ञाकारी पत्नी की जगह वाइफ (पत्नी), भारतीय महिला/पश्चिमी महिला की जगह महिला, कॉन्क्युबाइन/कीप की जगह ऐसी महिला जिसका शादी के इतर किसी पुरुष से शारीरिक संबंध हो, जैसे वाक्य या शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक को तैयार करने का मकसद किसी फैसले की आलोचना करना या संदेह ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

चंद्रयान-3 से आज अलग होगा लैंडर

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को भारत के चंद्रयान-3 को चंद्रमा के और करीब ले जाते हुए कहा कि लैंडर मॉड्यूल को गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग किया जाएगा।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान-3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही चंद्रयान की कक्षा बदलने का काम पूरा हो गया है। अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हो रहे हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को 17 अगस्त 2023 को अलग करने की योजना बनाई गई है। चंद्रयान-3 में एक प्रणोदक मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल हैं। भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है। चंद्रयान-2 मिशन में लैंडर पर नियंत्रण खो देने की वजह से उसकी सॉफ्ट लैंडिंग की जगह क्रैश लैंडिंग हो गई थी और लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है। सुरक्षित और जोखिम-रहति क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले साइट की इमेजिंग की जाएगी।

हिमाचल में तीसरे दिन भी बचाव अभियान जारी

# शिव मंदिर हादसे में अब तक 13 शव बरामद

**शिमला, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश में बारिश ने हाहाकार मचा दी है। प्रदेश भर में लैंडस्लाइड से भारी नुकसान हुआ है। बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते प्रदेश में बड़ी संख्या में लैंडस्लाइड के मामले सामने आए हैं।

खास कर राजधानी में लैंडस्लाइड ने भारी तबाही मचाई. शिमला में शिव मंदिर पर लैंडस्लाइड होने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। लाल कोठी और कृष्णा नगर में लैंडस्लाइड ने तबाही मचाई। राजधानी शिमला में समरहिल के शिव मंदिर में तीसरे दिन भी लापता लोगों को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन बुधवार सुबह से ही शुरू कर दिया गया था। बचाव अभियान में सेना की छोटी मशीन की भी मदद ली जा रही है। सर्च ऑपरेशन सुबह 7:30 बजे से जारी है। इस दर्दनाक घटना में अब तक 13 लोगों के शव निकाले गए हैं। अभी भी मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे जवानों ने अब शिव मंदिर से लेकर नीचे एक किलोमीटर तक नाले में शवों की तलाश शुरू कर दी है। इसमें कई और शव मिलने की आशंका है। अभी बारिश का दौर थोड़ा थमा हुआ है, जिसके कारण रेस्क्यू के जल्द पूरा होने की संभावना है। लापता लोगों के परिजन लगातार इनके मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मंदिर के आसपास मलबा ज्यादा होने के कारण इन्हें तलाशना काफी मुश्किल हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, कहा-

# 10 महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांतियों से देश में विकास का मध्यप्रदेश मॉडल बना उदाहरण

- जन आवास योजना से मिलेगा सभी को आवास, कोई नागरिक बिना छत नहीं रहेगा
- जो परिवार आयकर दाता नहीं, अन्य स्वास्थ्य सुविधा नहीं लेते, वे सभी आयुष्मान योजना के पात्र होंगे
- प्रदेश में प्रत्येक 50 परिवार पर होगा एक जन सेवा मित्र
- वर्ष 2030 तक विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्ति के लिए जनता के सामने रखा विजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सभी नागरिकों को पक्का मकान मिलेगा। कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। आवास प्लस में जो लोग शामिल नहीं हैं उन हितग्राहियों को भी योजना में शामिल किया जाएगा, मुख्यमंत्री जन आवास योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में बचे हुए परिवारों को भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें उपचार की सुविधा मिल सके। जो परिवार इनकम टैक्स नहीं देते या अन्य किसी माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं लेते उन सभी परिवारों को आयुष्मान योजना सम्मिलित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना में 3 करोड़ 50 लाख से अधिक नाम जोड़े गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की परिभाषा जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा शासन को सही अर्थों में जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र, जनता और सरकार के बीच का काम करते हैं। इन्हें प्रत्येक 50 परिवारों पर दायित्व दिया जाएगा। प्रदेश में करीब 3 लाख युवाओं को इस दायित्व से जोड़ेंगे। प्रदेश का कोई भी कोना या कोई भी दिशा विकास से वंचित न रहे, इसके लिए केन्द्र के साथ राज्य की डबल इंजन सरकार सच्चे अर्थों में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भारत को एक सूत्र में जोड़ने का दिन है। यह शहीदों के बलिदान के यशगान का दिन है। ये 140 करोड़ भारवासियों की मुस्कान का दिन है। भारत का इतिहास सिर्फ 76 साल पुराना इतिहास नहीं, बल्कि हजारों साल का पुराना ज्ञात इतिहास है। जब दुनिया में सभ्यता का सूर्योदय नहीं हुआ था, तब भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय संचालित थे। भारत की धरती ने सत्यमेव जयते का उद्घोष किया। जियो और जीने दो के सिद्धांत में भारत का विश्वास रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव और समूचे विश्व का कल्याण भारत के ▪ शेष पृष्ठ 7 पर




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय टंडन
विधायक दमोह
सौजन्य:-
समस्त क्षेत्रवासी दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र सिंह
विधायक जबेरा
सौजन्य:-
समस्त क्षेत्रवासी नोहटा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनमण्डल अधिकारी
समस्त अधिकारी, कर्मचारी
जिला वन अधिकारी, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आयुष अधिकारी
समस्त अधिकारी कर्मचारी
जिला आयुष अधिकारी, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक संचालक
अधिकारी कर्मचारी उद्यानिकी
विभाग दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालकअधिकारी कर्मचारी
पशु चिकित्सालय, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला परिवहन अधिकारी
एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी
जिला परिवहन कार्यालय , दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आबकारी अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रोजेक्ट मैनेजर
समस्त स्टाफ राष्ट्रीय
आजीविका मिशन, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परियोजना अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ मनरेगा, दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ , दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष सीईओ
उपाध्यक्ष
सौजन्य:-
समस्त जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुलिस अधीक्षक
एवं समस्त थाना प्रभारी
जिला दमोह म.प्र.




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर परिषद तेंदुखेड़ा
सौजन्य:- समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर परिषद हिण्डोरिया
सौजन्य:- समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ राय
समाज सेवी
श्रीमति आभा/ विनोद राय
जनपद अध्यक्ष जबेरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर परिषद पटेरा
सौजन्य:- समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष सीईओ
उपाध्यक्ष
सौजन्य:-
समस्त जिला पंचायत दमोह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुजान सिंह
जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि
भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जबेरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल यादव
आबकारी ठेकेदार
सौजन्य:-
समस्त क्षेत्रवासी दमोह

कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह, जिला–दमोह (म0प्र0)
स्टेशन रोड, जिला–दमोह (म.प्र.) – 470661
15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
स्वतंत्रता दिवस
अपील




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मति विनीता लोधी सरपंच
महेंद्र कुमार राय सचिव
राजकुमार दुबे
रो.सहायक
सौ:- ग्राम पंचायत हिनौती ठेंगापटी,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उजयार सिंह सरपंच
राजेश राय सचिव
पवन रजक
रो.सहायक
सौ:- ग्राम पंचायत - साखा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन सिंह सरपंच
मिहिलाल यादव सचिव
सौ:- ग्राम पंचायत - बिजौरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
सचिव
रो.सहायक
सौ:- ग्राम पंचायत सहसराना,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन जैन सरपंच
वकील सिंह सचिव
घनश्याम यादव
रो.सहायक
सौ:- ग्राम पंचायत कलेहराखेड़ा,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानबाई / जीवन सरपंच
देव सिंह सचिव
सौ:- ग्राम पंचायत जलेहरी

ग्राम पंचायत वारो जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नन्हे भाई राय सरपंच
महेश राय सचिव
रामप्रसाद सह सचिव

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शा. हाईस्कूल बछरावनी
जिला छतरपुर
राजकुमार सेन
प्राचार्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
सचिव
रो.सहायक
सौ:- ग्राम पंचायत शाखा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
भाट खमरिया
सौ:- समस्त स्टाफ शास.उ.मा. वि. भाट खमरिया




समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


मा. हर्ष यादव
विधायक, देवरी विधानसभा

सौजन्य : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता केसली, देवरी विधानसभा क्षेत्र

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


मा. सुनील शर्मा
चौकी प्रभारी टड़ा

सौ.- समस्त थाना स्टाफ टड़ा (केसली)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच खेरीकलां, सचिव खेरीकलां, रोजगार सहायक खेरीकलां
सौ.- ग्राम पंचायत खेरीकलां

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच मेढ़की, सचिव मेढ़की, रोजगार सहायक मेढ़की
सौ.- ग्राम पंचायत मेढ़की

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच सहजपुर, सचिव सहजपुर, रोजगार सहायक सहजपुर
सौ.- ग्राम पंचायत सहजपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच अनघोरी, सचिव अनघोरी, रोजगार सहायक अनघोरी
सौ.- ग्राम पंचायत अनघोरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच महका, सचिव महका, रोजगार सहायक महका
सौ.- ग्राम पंचायत महका

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच खेरी घागरी, सचिव खेरी घागरी, रोजगार सहायक खेरी घागरी
सौ.- ग्राम पंचायत खेरी घागरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच धबई, सचिव धबई, रोजगार सहायक धबई
सौ.- ग्राम पंचायत धबई

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच नाहरमऊ, सचिव नाहरमऊ, रोजगार सहायक नाहरमऊ
सौ.- ग्राम पंचायत नाहरमऊ

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य
सौ.- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप कुमार जैन
प्राचार्य, केवलारी
सौ.- शासकीय माध्यमिक विद्यालय केवलारी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार अहिरवार
बीआरसी केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा जैन मु य
कार्यपालन अधिकारी केसली
सौ.- जनपद पंचायत केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच पठा खुर्द, सचिव पठा खुर्द, रोजगार सहायक पठा खुर्द
सौ.- ग्राम पंचायत पठा खुर्द

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच केवलारी कलां, सचिव केवलारी कलां, रोजगार सहायक केवलारी कलां
सौ.- ग्राम पंचायत केवलारी कलां

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच तुलसीपार, सचिव तुलसीपार, रोजगार सहायक तुलसीपार
सौ.- ग्राम पंचायत तुलसीपार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच दुधवारा, सचिव दुधवारा, रोजगार सहायक दुधवारा
सौ.- ग्राम पंचायत दुधवारा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच तूमरी, सचिव तूमरी, रोजगार सहायक तूमरी
सौ.- ग्राम पंचायत तूमरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच थांवरी उमरिया, सचिव थांवरी उमरिया, रोजगार सहायक थांवरी उमरिया
सौ.- ग्राम पंचायत थांवरी उमरिया

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच भूसौरा, सचिव भूसौरा, रोजगार सहायक भूसौरा
सौ.- ग्राम पंचायत भूसौरा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच रामखेरी, सचिव रामखेरी, रोजगार सहायक रामखेरी
सौ.- ग्राम पंचायत रामखेरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच मरामांधो, सचिव मरामांधो, रोजगार सहायक मरामांधो
सौ.- ग्राम पंचायत मरामांधो

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच पटना देवरी, सचिव पटना देवरी, रोजगार सहायक पटना देवरी
सौ.- ग्राम पंचायत पटना देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच सेमरा झिरिया, सचिव सेमरा झिरिया, रोजगार सहायक सेमरा झिरिया
सौ.- ग्राम पंचायत सेमरा झिरिया

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच पलोह, सचिव पलोह, रोजगार सहायक पलोह
सौ.- ग्राम पंचायत पलोह

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच खमरिया, सचिव खमरिया, रोजगार सहायक खमरिया
सौ.- ग्राम पंचायत खमरिया

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता खटीक
परियोजना अधिकारी केसली
सौ.- महिला एवं बालविकास केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
केशरबाई ठाकुर
केसली प्राचार्य
सौ.- शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र कुमार, प्राचार्य
मनोज जैन, शिक्षक
सौ.- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टड़ा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति सारिका खटीक सरपंच, सचिव केसली, रोजगार सहायक केसली
सौ.- ग्राम पंचायत केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश चौरसिया
केसली
सौ.- आजीविका मिशन केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.- समस्त स्टाफ पुलिस थाना केसली

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शाखा प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ
सौ.- सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया टड़ा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. मधुर जैन
सौ.- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टड़ा

# जिले में धूमधाम से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह




## धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**टड़ा, देशबन्धु।** केसली विकास खंड के ग्राम टड़ा में बड़ी धूम धाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ग्राम के सभी विद्यालय के बच्चे एकत्रित होकर जिसमें शास. उच्च. माध्य. विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, माध्य. शाला, माध्य. कन्या शाला, सनराइज स्कूल के बच्चो ने एक साथ देश के वीर जवानों और आजादी दिलाने वाले देश के सच्चे सपूतों को याद करते हुए नारे लगाए जुलुस निकाला। जिसमें सभी संस्था के शिक्षक शामिल हुए, जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गो से होकर ग्राम पंचायत पहुंचा जहां ग्राम पंचायत सरपंच रश्मि ठाकुर ने पंचायत का ध्वजा रोहन किया। शास. उच्च. माध्य. विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान गया। गांधी जी मूर्ति पर सभी ग्राम के नागरिको, शिक्षकों, पंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, छात्र-छात्राओं ने माल्यार्पण किया तिलक रोली लगाकर उन्हें याद किया। सरपंच रश्मि ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा की देश में आजादी दिलाने में जिन सच्चे सपूतों ने वीर जवानों ने अपना योगदान दिया है। उन्हे हम कभी नहीं भूले और देश के विकास कार्यों में अपना सहयोग जरूर करें। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार जैन ने किया।

## 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया

**बीना, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया द्वारा ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की। प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने कहा कि देश की आजादी में शहीदों के योगदान को हमेशा ध्यान रखें। राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें तथा संकल्पित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. व्हीके अग्निहोत्री, डॉ. एके जैन, डॉ. एमएल सोनी, डॉ. नमिता अग्निहोत्री, प्रो. आरएस तिवारी, मोहम्मद रफीक शेख, डॉ. महेंद्र कुमार पटेल, एसके पंथी, वंदना जाटव, ज्योति पटेल, दिव्या गोलंदाज, यश प्रकाश लखेरा ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट में आजादी का 77 वां वर्ष, अमृत महोत्सव के रूप से मनाया

**बीना, देशबन्धु।** जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट राजीव में आजादी का 77वां दिवस 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के रूप में धूम-धाम से मनाया गया। संस्थान प्रमुख मेजर जनरल एसके पानीग्रही, वीएसएम से.नि. ने समस्त उच्च अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों की उपस्थिति में झंडारोहण कर राष्ट्गान किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के समस्त सूरवीर शहीदों को सत्-सत् नमन किया एवं तदानुसार अपने सम्बोधन में जेपी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष जयप्रकाश गौड़, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गौड़ एवं प्रबंध निदेशक सुरेन जैन का आभार व्यक्त करते हुए सभी जेपी बीना थर्मल पावर प्लॉंट के उच्च अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों को आजादी के 77वें दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित की एवं उनके सहयोग व कार्यो की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में देश की आजादी की प्राप्ति के बारे में विस्तार से बताया एवं आजादी के बाद से देश की उन्नति एवं विकास पर प्रकाश डाला एवं जेपी ग्रुप द्वारा देश में औद्योगिक योगदान के बारे में भी विस्तार से बताया। संस्थान प्रमुख ने जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट द्वारा स्थानीय नागरिकों को प्रदाय की गयी। इस अवसर पर जेपी बीना थर्मल पावर प्लॉंट में हर घर झंडारोहण किया गया। सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय से कॉलोनी होते हुए प्रभात फेरी निकाली गयी तथा संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



## सामूहिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने दी आकर्षक प्रस्तुतिया



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर परिषद बरोदिया कलां में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। नगर परिषद कार्यालय में नप अध्यक्ष मीनादेवी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते कहा कि नगर को साफ स्वच्छ बनाए रखने में अपना नगरवासी सहयोग प्रदान करें और सफाई कर्मचारियों तथा जल प्रदाय शाखा के कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आप सबके मेहनत से नगर सुंदर व स्वच्छ बनेगा। मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा लगातार विकास कार्य करवा रहे उन्होनो कार्यो को दोहराया। मंच से स्वस्छता की शपथ नगर का सामूहिक कार्यक्रम शास. उच्च. माध्य. शाला बरोदिया में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मीनादेवी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंच से देशभक्ति से ओतप्रोत नाट्य, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। नगर परिषद द्वारा उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रशास्त्रि पत्र, शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यनगर पालिका अधिकारी प्रभुशंकर खरे, उपयंत्री बंटी बाथम, उपयंत्री असरफखान, स्थानीय भाजपा नेता, समस्त पार्षद, एल्डरमैन एवं गणमान्य नागरिक सहित छात्र छात्राए मौजूद रही।

## स्वंतत्रता सेनानी एवं मीसा बंदियो के परिजनों का सम्मान किया



**देवरीकलां, देशबन्धु।** स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मंदिर सुभाष वार्ड में गांधी वार्ड पार्षद सरिता संदीप जैन बबलू सिनेमा ने ध्वाजारोहण कर स्वंतत्रता सेनानी एवं मीसा बंदियो के परिजनों का शॉल श्रीफल से सरिता संदीप जैन ने सम्मान किया। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, मनोहर गुप्ता, गांधी भक्त राजू दीक्षित, सरस त्रिवेदी, प्रकाश सोनी, भगत रजक, पाल जैन, सुभाष चौबे, अनंतराम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पर्व हमें हर बार देश भक्ति और समर्पण की नयी ऊर्जा प्रदान करते हैं: लोकेन्द्र सिंह



**बण्डा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्व पर जब छोटे-छोटे बच्चे और नौजवान साथी हाथ में तिरंगा लेकर निकलते हैं तो वह दृश्य अनोखा और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होता है यही वह पर्व है जो हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्य का बोध कराते हुए एक नई ऊर्जा प्रदान करते है जिससे हम अपनी मातृभूमि की सच्चे ह्रदय से सेवा कर सके उक्त उदगार बंडा जनपद अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में झंडा वंदन और मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के बाद व्यक्त किए। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कृषि उपज मंडी में आयोजित किया गया। समारोह में सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी विभागों के शासकीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे नगर परिषद बंडा के अध्यक्ष वैभव राज सिंह कुकरेले ने सभी अतिथियों के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस मुख्य समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाली छात्र छात्राओं को उपस्थित जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता जाहर सिंह बमूरा, मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जनपद उपाध्यक्ष आयुष पांडे, नगर परिषद उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, बाबू सिंह मुडिया, राम अवतार सिंह कंदारी, सुनील जैन मगरधा, नीतेश जैन नैनधरा प्रशासन की ओर से एसडीएम संदीप सिंह, तहसीलदार सपना तिवारी, जनपद सीईओ प्रतिष्ठा जैन, सीएमओ पीडी पाठक, बीआरसी मंतराम अहिरवार ने सभी संस्थाओं के बच्चों को पुरूस्कृत शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए इसके पूर्व अतिथियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं मीसाबंदियो का शाल श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश तिवारी एवं शशिकांत शुक्ला ने किया नगर की विभिन्न संस्थाओं एवं राष्ट्रीय महापुरुषों की मूर्ति स्थल पर भी ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगीत गाया गया। झंडा चौक पर विधायक तरवर सिंह के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया एवं नगर अध्यक्ष संतोष सराफ ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संदेश का वाचन किया। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष वैभव राज सिंह कुकरेले, जनपद कार्यालय पर अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह लंबरदार, तहसील कार्यालय पर तहसीलदार सपना तिवारी, शहीद स्मारक पर एसडीएम संदीप सिंह कन्या शाला में प्राचार्य नरेश मिश्रा ने कृषि उपज मंडी कार्यालय में सचिव राम प्रकाश सिंह, महारानी अवंतिकाबाई पार्क में लोधी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महाराणा प्रताप पार्क में राजपूत समाज के अध्यक्ष मंगल सिंह दादा, वेयरहाउस कार्यालय पर प्रबंधक उपेन्द्र भदोरिया ने ध्वजारोहण किया नगर में स्थापित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जनप्रतिनिधियों ने पहुचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी डॉ. भीमराव अंबेडकर, पं. दीनदयाल उपाध्याय सरदार भगत सिंह स्थल पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापुरुषों का आशीर्वाद लिया। इस बार स्वतंत्रता दिवस पर नगर परिषद का कार्य सराहनीय नगर परिषद ने एक दिन पूर्व ही सारे नगर को स्वच्छ एवं साफ किया एवं विभिन्न राष्ट्र के महापुरुषों की प्रतिमाओं को लाइट एवं पुष्पों से सजाया गया।

## स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर परिषद बांदरी में 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया नगर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या से ही रोशनी व साज सज्जा कर नगर को सजाया गया नगर परिषद में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजा रोहण अध्यक्ष सुधा सिंह ने किया वही नगर के ओम साई राम मेमोरियल स्कूल में ध्वजा रोहण रजनी राय ने किया। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ राजेश मेहतेले ने सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहां कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा भाव से कार्य करना चाहिए एवं हमारे देश के प्रति हमारे क्या कर्तव्य हमें उनका सही तरीके से निर्वाह करना चाहिए जिससे हमारे नगर का एवं देश का विकास होगा कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगर वासी शामिल हुए।

## भाजयुमो ने निकाली विशाल बाइक तिरंगा यात्रा



**बांदरी, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस पर भाजयुमो अवधेश सिंह की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो मंडल के दर्जनों गांवों से होकर निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पांच सौ से करीब बाइक शामिल हुई। हर घर तिरंगा अभियान के अंर्तगत भाजयुमो द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें बाइक पर तिरंगा लहराते हुए नगर बांदरी मंत्री कार्यालय से बाइक रैली प्रांरभ हुई जो आगासिर्स, मूड़री, विदवासन, मौली, कोलुआ, सेवन, पिठौरिया से बापिस बांदरी नगर का भ्रमण होते हुए मंत्री कार्यालय में समापन हुआ। इस दौरान तिरंगा रैली का जगह जगह स्वागत हुआ। रैली में भारत माता एवं वंदेमातरम के गगनचुंबी जयकारो से आसमा गुजयंमय हुआ। सचिन साहू, नीलेश सराफ, निशांत मिश्रा, कल्लू राजपूत ने रैली में व्यवस्था देखी रैली में भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू मुक्कदम नगर परिषद प्रभारी आजाद यादव सहित भाजपा मंडल के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देवरी में हुआ तिरंगे का अपमान, सीएम राइस स्कूल में फहराया उल्टा झंडा



**देवरी कलां, देशबन्धु।** पूरा देश जहां आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगह-जगह ध्वजारोहण के कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाए जा रहे हैं लेकिन देवरी का सीएम राइस स्कूल जहां राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हुआ और यहां आजादी के 75 वर्ष बाद भी स्कूलों के संस्था प्रधान सही ढंग से नहीं झंडा नही फहरा पा रहे, देवरी नगर में आजादी के जश्न के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की कई तस्वीरें सामने आई है और उलटा झंडा फहराने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। देश आजादी के अमृत महोत्सव यानी 15 अगस्त बड़े उमंग, उत्साह और हर्षेल्लास के साथ मना रहा है। इस अवसर पर देश के हर गांव शहर से जश्न की तस्वीरें समाने आ रही हैं। लेकिन देवरी नगर के सीएम राइस स्कूल मे प्राचार्य ज्योति राय द्वारा ध्वज को उल्टा फहरा दिया लेकिन जब लोगों ने बताया कि उल्टे ध्वज के साथ ध्वजारोहण किया गया है तब प्राचार्य द्वारा ध्वज को निकलवा कर सीधा करके फिर ध्वज फहराया गया। लेकिन वहां मौजूद लोगों ने इसकी फोटो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली जो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इसके अलावा वहां बने शहीद स्मारक के आसपास जूते चप्पलों का अंबार लगा था जहां आनन फानन में साफ सफाई की गई।

**इनका कहना है-**

गलती दूसरे करते है भुगतता कोई और है इसमें चपरासियों की गलती रहती है जो बांधते है जिनको जिम्मेदारी हमने ने सौंपी वो सही नही करेगा। अपनी जिम्मेदारी निर्वहन। अब प्राचार्य तो बांधता नही है ये भी है कि कोई गलती जानबूझ कर तो नही करता कोई भी हो, हो गई हो गी गलती अब हम क्या करें, उसमे अब हम दोषी भी किसको ठहराए अपने आप को या सामने वाले को कुछ समझ नही आ रहा।

**-ज्योति राय**
**प्राचार्या सीएम राइस स्कूल देवरी**

स्कूल प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है।

**-गगन बिसेन, एसडीएम देवरी**

## किलें और जैन मंदिर में पहली बार हुआ ध्वजारोहण



**शाहगढ़, देशबन्धु।** आजादी को मिले 76 वर्ष हो गए। बचपन से आज तक पुस्तकों की पाठ्यक्रमों से लेकर सामान्य सामाजिक स्तर पर होने वाले वाद विवाद एवं चर्चाओं का ही यह असर है कि आजादी की सैकड़ों कहानियां हमारे मानस पटल पर ऐसे छाई हुई हैं, जैसे लगता ये कल की ही बात है। यही कारण है कि मंगलवार को हर घर तिरंगा लहराया गया। देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत गली मोहल्ले से लेकर सरकारी कार्यालयों तक शान से तिरंगा लहराया गया। इस दौरान स्कूलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोह लिया। सरकारी और निजी संस्थानों में आजादी की धूम मची रही। इस दौरान भाजपा नेता रंजोर सिंह बुंदेला, जनपद अध्यक्ष मनीष यादव, नगर परिषद अध्यक्ष राधा बाबुलाल खटीक ने शाहगढ़ को विकास पथ पर ले जाने में सहयोगी बने ऐसा संकल्प दिलाया।

### गली, मोहल्ले, चोराहे पर शान से लहराया तिरंगा

फिर चाहे गली मोहल्ला हो, निजी संस्थान हो या फिर सरकारी कार्यालय, शान से तिरंगा लहराता हुआ नजर आया। मुख्य कार्यक्रम दशहरा मैदान बड़ा ग्राउंड में हुआ। यहां जनपद अध्यक्ष मनीष यादव ने ने ध्वजारोहण किया। उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष राधा बाबुलाल खटीक भी उपस्थित थे। इसके बाद पुलिस और एनसीसी कैडेट ने सलामी दी। उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई कर्मचारियों बच्चो को सम्मानित भी किया गया जिसमें प्रमुख रूप से शाहगढ़ की पांच वर्षीय छात्रा ने मलखम में सागर में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय और शाहगढ़ का गौरव बढ़ाया। जीसी राय, सीएमओ एमजी गोस्वामी, बीईओ अशोक तिवारी, सीईओ प्रतिष्ठा जैन, टीआई कृपाल मार्को, रेंजर अंजू वर्मा, बीएमओ डॉ. अमित आनंद असाटी ने शाहगढ वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा अब हमारा भविष्य आराम करने के लिए नहीं, बल्कि उन प्रतिज्ञाओं को पूरा करना है, जिसकी हम स्कूल से लेकर अपने नौकरीकाल तक शपथ लेते आ रहे हैं।

### नगर परिषद कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष राधा बाबुलाल खटीक ने ध्वजारोहण किया। यहां पर नगर के सभी पार्षद गणमान्य नागरिक और निगम कर्मी उपस्थित थे। सीएमओ ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में आज पूरी दुनिया सिमटकर एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती नजर आ रही है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि सूचना क्रांति को साथ लेते हुए अपने सांस्कृतिक मूल्यों को भी बचाए रखें। उन महान विभूतियों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। सिर्फ बॉर्डर पर ही नहीं, देश के अंदर रहते हुए भी एक बेहतर नागरिक बनकर देश सेवा की जा सकती है।

### शाहगढ़ के किलें और जिनालय में हुआ ध्वजारोहण

1857 के क्रांतिकारी की विरासत के किला और नगर के बड़ा जैन मंदिर परिसर में पहली बार सार्वजनिक तौर पर तिरंगा फहराया गया और सलामी दी, समाजसेवी डालचंद सिंघई ने किला पर तिरंगा फहराया, वहीं नगर में विराजमान मुनि श्री विरंजन सागर के सानिध्य में बड़ा मंदिर परिसर में तिरंगा रिटायर्ड डीएसपी हेमपाल सिंघई ने और शांतिविहार जिनालय में भारतीय जैन मिलन शाखा शाहगढ़ के अध्यक्ष वीर डॉ. अशोक जैन, कार्यालय में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष महेद्र तिवारी द्वारा फ्हराया गया किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए शाहगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने के लिए प्रेरित किया। बड़ा मंदिर परिसर में पहली बार हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सभी को देश आगे ले जाने के लिए सहयोग करने की अपील करते हुए जनसंत ने स्वतंत्रता दिवस पर जन्में शाहगढ़ गौरव आचार्य देवनंदी के 62वें अवतरण दिवस पर पूजन पाठशाला के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत उपरांत आयोजित धर्मसभा में उपदेश दिए।

### स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

सरकारी विभागों के साथ ही स्कूलों में भी 15 अगस्त पर खूब धूम मची। हर जगह अलग-अलग तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चे रंग बिरंगे पोशाक में आकर्षक लग रहे थे। स्कूलों में और मुख्य समारोह में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। तेरी मिट्टी, देश मेरा रंगीला, इस देश के सदके, मेरा कर्मा तू आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर छात्राओं ने समां बांध दिया।

## नोबल पब्लिक स्कूल में समारोह पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**देवरीकलां, देशबन्धु।** स्थानीय नोबल पब्लिक स्कूल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। भारतीय सेना में पदस्थ सैनिक भूपेंद्र लोधी एवं विद्यालय संचालक योगेंद्र सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। अटल टिंकरिंग हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में सैनिक श्री लोधी, एयर इंडिया में एयर होस्टेस के रूप चयनित मयूरी चौरसिया, पूर्व प्राचार्य आरएस तिवारी, विद्यालय संचालक गण योगेंद्र सिंह ठाकुर, नीलम दीक्षित ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की शिक्षिका सेराफिना लिजॉय ने पौधे भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक अभिभावक एवं पत्रकार उपस्थित थे। छात्रा श्रुति वैद्य और गौरी चौबे ने भारतीय संस्कृति का वर्णन करती हुई प्रस्तुति दी। कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के बच्चों ने सांसे थामने वाला ड्रामा प्रस्तुत किया। दिव्या लोधी ने राष्ट्रीय कवि मैथिली शरण गुप्त की प्रेरक रचना कुछ काम करो ओजस्वी अंदाज में सुनाई। इसके पश्चात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हें मुन्ने बच्चों ने महापुरुषों का आकर्षक रूप धारण कर उन्हीं के अंदाज में संवाद प्रस्तुत किए। पूर्व प्राचार्य श्री तिवारी ने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दीं। एनसीसी कैडेट्स के वार्षिक शिविर में शामिल हुई कैडिट्स को प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किए गए। साथ ही शिविर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। रक्षाबंधन के महत्त्व को समझाते हुए नाटक का शानदार मंचन किया गया। जिसमें मुगल शासक हुमायूं और रानी कर्णावती का प्रसिद्ध प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद कंटेंपरी डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन शानवी बृजपुरिया, हर्षिता लोधी एवं गौरव खरे ने किया।

### शाहगढ़ में एक हजार महिलाओं का अधिवेशन संपन्न हुआ

## नारी वह शक्ति है जो देश और परिवार के लिए इतिहास बनती है: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के बड़ा मंदिर परिसर आयोजित महिलाओं की सामाजिक राजनीतिक और धार्मिक भावनाओं के लिए बुलाए गए बुंदेलखंड स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनसंत विरंजन सागर ने कहा कि कार्य ऐसा करो कि पहचान बन जाए, कर्म ऐसे करों कि निशान बन जाए, जीने को तो हर कोई जीता है, जीना तो ऐसे जियो कि मिसाल बन जाए। आयोजित सम्मेलन में मौजूद मातृशक्ति की शक्ति का बखान करते हुए जनसंत ने कहा कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है उस घर में खुशियां होती है, नारी के अंदर वह शक्ति है जो घर समाज देश के लिए इतिहास बनती है, सीता, सती अंजना, जैसी कई नारीयो का इतिहास है जिन्हें घर से निकाले जानें पर उन्होनें कोई जवाब नहीं दिया, पाश्चात्य संस्कृति को घर में नहीं आने दे, परिवार को संस्कार दें, रसोई की शुद्धि से ही तुम्हारे मन भाव और घर का वातावरण शुद्ध होगा, जिस रसोई को किचन बना दिया गया वहां पर किच किच होती रहती है, माता-पिता बच्चों के सामने शब्दों की मर्यादा रखें और अच्छे से बोले जो तुम बोलोगे वही बच्चे सीखेंगे, महिला, समाज के दायित्व निभाएं, नारी देश समाज के कार्यों में सहयोगी बने महिला अधिवेशन का उद्देश्य बटवारों में बट रही समाज को अखंड बनाना है, जातिवाद, पंतवाद, संतवाद को छोड़कर सारे मंडल एक ही कमंडल में समाविष्ट हो तभी यह अधिवेशन सफल माना जाएगा

### नारी में देश परिवार को संवारने की शक्ति है: निधि जैन



महिला अधिवेशन की मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री और समाजसेवी निधि जैन ने कहा कि नारी बह शक्ति है कि घर परिवार ही नही देश को भी चला सकती है, नारी देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रशासनिक पद पर पहुंच सकती है नारियों में देश को चलाने में इंदिरा गांधी जैसी शक्ति है, नारी का घर को स्वर्ग बनाने और देश के विकास में अहम योगदान रहता है, विरोधाभास को छोड़कर हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा तभी इस महिला अधिवेशन की सार्थकता होगी। अधिवेशन में ब्रहमचारणी बहनों ने धार्मिक भावनाओं को रखा तो जनप्रतिनिधियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष कमला यादव और नगर परिषद अध्यक्ष राधा खटीक तो मलहरा जनपद अध्यक्ष बुंदेला ने महिला शक्ति को जगाया और राजनीति में सक्रिय भूमिका विषय पर बात रखी। महिला अधिवेशन में मप्र के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने भी वक्तव्य दिए। वर्षा योग समिति के मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन अदावन ने बताया कि आगामी रविवार 20 अगस्त को विशाल युवा सम्मेलन अयोजित किया जा रहा है जिसमें समूचे बुंदेलखंड से बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति होगी।

## खनिज एवं श्रम मंत्री ने किया ध्वजारोहण

# 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**पन्ना, देशबन्धु।** देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। ध्वजारोहण के पश्चात कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने खुली जिप्सी में कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णएस थोटा और रक्षित निरीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम संबोधित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया और आकाश में गुब्बारे छोड़े। समारोह में आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।

**परेड के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति :** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सशस्त्र और गैर शस्त्र परेड सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक पीटी प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहे। सीनियर और जूनियर वर्ग में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुईं। सीनियर वर्ग में सीएम राइज स्कूल को प्रथम, लिश्यू आनंद उमा विद्यालय को द्वितीय और शासकीय आरपी उत्कृष्ट उमा विद्यालय को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह जूनियर वर्ग में डायमंड पब्लिक स्कूल को प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया को द्वितीय और महर्षि विद्या मंदिर उमा विद्यालय को तृतीय स्थान मिला।

मुख्य अतिथि द्वारा बेहतर परेड प्रदर्शन के लिए भी पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र बल परेड वर्ग में जिला पुलिस बल को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल की 10वीं वाहिनी सागर को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह कनिष्ठ वर्ग में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय की एनसीसी टुकड़ी को प्रथम, एनएसएस टुकड़ी को द्वितीय और स्काउट गाइड टुकड़ी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। इसके अतिरिक्त विभिन्न शासकीय दायित्वों के निर्वहन में बेहतर कार्य के लिए भी अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय श्रीवास्तव एवं प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में किया ध्वजारोहण

**पन्ना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम अशोक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा सुबह 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के लिए निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने बुधवार को जनपद पंचायत सभागार गुनौर में अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री श्री चौहान के 18 अगस्त को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिम्मेदारियों का परस्पर समन्वय के जरिए बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों की कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित कराने सहित स्वसहायता समूह की महिलाओं, जनसेवा मित्र, जनअभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों के सहयोग सहित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री गुनौर में मण्डी तिराहा से सिली तिराहा तक रोड शो के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान चिन्हित स्थानों पर मंचीय व्यवस्थाओं सहित आवश्यक तैयारियों के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य सभा स्थल पर चिन्हांकित सेक्टर में फ्लैक्स बैनर के संबंध में भी जरूरी व्यवस्थाओं के लिए कहा। कार्यक्रम समाप्ति तक व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

### आईजी ने लिया तैयारियों का जायजा

मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा ने भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर आवश्यक तैयारियां देखीं। हेलीपैड और जनदर्शन यात्रा पथ में पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी भी साथ रहे।

### इन कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री गुनौर भ्रमण के दौरान छह विकास कार्यों का भूमिपूजन और तीन विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। पवई ब्यारमा समूह जल प्रदाय योजना सहित सीएम राइज स्कूल गुनौर एवं ककरहटी, गुनौर नगर की अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना, शाहनगर में नवीन शासकीय आईटीआई निर्माण और नगर परिषद भवन गुनौर का भूमिपूजन किया जाएगा। इसी तरह 132/33 केव्ही उपकेन्द्र देवेन्द्रनगर एवं सिमरिया तथा गुनौर बायपास मार्ग का लोकार्पण होगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ने लिया बुराईयों के नाश का संकल्प

**जीभ सूख जाएगी घोटालों की लिस्ट नहीं होगी खत्म**



**गुना, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी गुना द्वारा स्थानीय राजीव गांधी कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ द्वारा झण्डा वंदन कर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारी तादाद में कांग्रेसजन मौजूद रहे। सुबह 8 बजे से ही कांग्रेसजन राजीव भवन में एकत्र होना शुरू हो गए थे। सुबह 9 बजे जिला अध्यक्ष द्वारा झण्डा वंदन करने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद मेहरबान सिंह द्वारा मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन समस्त कांग्रेसजन के समक्ष किया गया। कमलनाथ द्वारा भेजे गए संदेश में प्रत्येक कांग्रेसजन को 77वें स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ बताया गया कि वीर महारानी लक्ष्मीबाई वीरांगना झलकारी बाई, तात्या टोपे, बहादुर शाह जफर और मंगल पांडे जैसे शहीदों के कर्जदार है हम आदिवासी विद्रोह के महानायक भगवान बिरसा मुंडा और मामा को हृदय से याद करते हैं।

संदेश वाचन के बाद उत्साहित कांग्रेसजन द्वारा बुराईयों के नाश का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र राजपूत, छोटू शिमला द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहरबान सिंह धाकड़, वरिष्ठ नेता नुरुल हसन नूर, हरिशंकर विजयवर्गीय का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश महामंत्री हरिशंकर विजयवर्गीय द्वारा वर्तमान में चल रहे घटनाक्रम पर प्रकाश डाला गया। संगठन मंत्री विश्वनाथ तिवारी द्वारा सभी कांग्रेसजन को आजादी की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दी एवं आजादी के नायकों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष मेर द्वारा किया गया एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा प्रकट किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी, जिसके बाद स्वल्पाहार कर कार्यक्रम समाप्त किया। इस अवसर पर समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, वरिष्ठजन, ब्लॉक अध्यक्षगण,पार्षद, सांसद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला - जनपद सदस्यगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, कर्मचारी अधिकारी, बाल कांग्रेस, समस्त प्रकोष्ठ,मोर्चा,संगठन अध्यक्ष कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए,पोलिंग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कावड़ यात्रा हुई कुंभ में तब्दील, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**सीहोर, देशबन्धु।** बुधवार को अधिक मास की अंतिम अमावस्या को लगातार दूसरी साल विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी शहर के जीवनदायिनी सीवन नदी से जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में तक करीब 11 किलोमीटर निकाली गई कावड़ यात्रा ने सारे रिकार्ड तोड दिए है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ पैदल चलकर यहां भगवान शिव का अभिषेक किया। बुधवार की सुबह भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने सीवन नदी घाट पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन अर्चना के बाद कावड़ भरी और उसके बाद लगातार 6 घंटे पैदल चलने के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे यहां पर अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हो गया है। इस साल की कांवड़ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## खनिज मंत्री ने दिव्यांग बच्चों के साथ किया विशेष भोज



**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण के पश्चात बायपास रोड स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालक छात्रावास पहुंचे और दिव्यांग बच्चों के साथ विशेष भोज किया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा दिव्यांग छात्रों से भेंट कर उनका सम्मान किया गया। छात्रावास में अतिथियों द्वारा आंवला और अशोक के पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सिंह, नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा भी उपस्थित थे।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**आष्टा, देशबन्धु।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि श्रीमती पायल अली तथा प्राचार्या महोदया द्वारा राष्ट्रीय झंडा फहराया गया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर विद्यालय के वातावरण को देशभक्ति के माहौल से भर दिया। कक्षा सातवीं की छात्रा अनिका राजवैद्य ने अपने भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने भारत की विभिन्न संस्कृतियोंए सभ्यताओं, सद्भाव और एकता का परिचय दिया। इसके बाद कक्षा चौथी की छात्रा इबा इब्राहिम ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अगले चरण में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने अपनी अद्भुत देशभक्ति प्रस्तुतियों से सबका मन मोहित कर लिया। इसी क्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संगीता सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा. हमारे देशभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान करके स्वतंत्रता प्राप्त की है और हमें सदैव देशभक्तों का सम्मान करना चाहिए और हमें हमेशा राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा करनी चाहिए तथा प्राचार्या महोदया ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर संचालक ध्रुव कुमार तिवारीएश्रीमती पायल अली, ज्ञानसिंह ठाकुर, बहादुर सिंह सेंधव, प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा, विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका सहित छात्रगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## धार्मिक नारों लगाने के बाद बनी तनाव की स्थिति

# तिरंगा यात्रा के दौरान 2 समुदायों में झड़प



**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां एक तरफ जहां देश आजादी का जश्न मना रहा था। वहीं शहर में कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाडने का प्रयास किया। यहां सदर बाजार में दो समुदायों द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के दौरान भडकाऊ नारे लगाकर दोनों पक्षों के खुरापाती आपस में भिड़ गए। विवाद के बाद हुई मारपीट से बाजार बंद हो गए हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात की गई है। दरअसल पूरे जिलेभर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर तिरंगा यात्रा और रैलियां निकाली जा रही है। इसी क्रम में मुस्लिम समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही थी। इसकी अनुमति भी प्रशासन से ली गई थी। उसी समय युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा तिरंगा यात्रा बाइक रैली का भी आयोजन हो रहा था। बाइक रैली में शामिल होने जा रहे कुछ युवाओं ने मुस्लिम समाज की तिरंगा यात्रा में घुसकर धार्मिक नारेबाजी कर दी। नारेबाजी के बाद मुस्लिम समाज के लोग भडक गए और दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। देखते ही देखते बवाल खड़ा हो गया। पूरे बाजार में दहशत फैल गई। इस दौरान कुछ लोगों ने बाइक में तोडफ़ोड़ कर दी।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मी तिरंगा यात्रा से गायब रहे। बवाल के बीच मुस्लिम समाज के लोग थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। इसी बीच युवा मोर्चा के नेता भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सिटी कोतवाली पहुंच गए और जय श्रीराम के नारे लगाकर थाने का घेराव कर दिया। इसी के साथ चक्काजाम भी कर दिया। इस बारे में एएसपी अनिल पाटीदार का कहना है कि दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। इस मामले की समीक्षा की जा रही है। मामले से जुड़े वीडियो फुटेज देखने के बाद आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर किया ध्वजारोहण



**गुना, देशबन्धु।** 76वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर कलेक्टर तरूण राठी द्वारा सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण के समय जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर जिया फातिमा, डिप्टी कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एसडीएम दिनेश सावले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए स्वल्पाहार किया। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करते हुए स्कूली छात्राओं द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीत गाये, जिनका सभी ने ताली बजाकर सम्मान किया।


**आम सूचना**

आम सूचना के द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जा रहा है कि दिनांक 11 सितम्बर 2019 को गठित होकर कियाशील हुई भागीदारी फर्म M/s SANWARIYA CONSTRUCTION - CHHATARPUR पंजीयन कमांक 06/12/01/0079/19 दिनांक 23/10/2023 के समस्त भागीदार कमशः 1-श्री रोहित शर्मा पिता श्री मातादीन शर्मा, 2-श्री राम प्रकाश चौरहा पिता श्री रामधनी चौरहा, 3- निधि गुप्ता पिता श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता में से भीगीदार कमांक-3 - निधि गुप्ता पिता श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता आज दिनांक 25/02/2021 को इस भागीदारी फर्म से स्वेच्छया निवृत्त हो गयी हैं और इनकी इस स्वेच्छया निवृत्ति के संबंध में आज दिनांक 25/02/2021 को ही संशोधित भागीदारी पत्रक का निष्पादन हुआ है और जो आज से ही प्रभावशील हो गया है। सर्वसाधारण को सूचनार्थ।

छतरपुर
दिनांक- 25/02/2021

M/s SANWARIYA CONSTRUCTION
पार्टनर
श्री रोहित शर्मा



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरी पुत्री का नाम VEERA था। वर्तमान में मेरी पुत्री का नाम VEERA PATEL हो गया है। अब मुझे VEERA PATEL के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

VIJENDRA KUMAR PATEL
JHUNKU WARD DEORI
SAGAR (M.P.) 470226



**कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर**
**शिवाजी वार्ड, तिली रोड़, सागर (म.प्र.) - 470001**

Website:- bmcsagar.edu.in — फोन नं. 07582-236270
E-mail:- deansmc08@yahoo.co.in — फैक्स नं. 07582 - 236457
क्रमांक- 4417/क्रय / 23 — सागर दिनांक 07.08.2023

बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में ऑक्सीजन, कार्बन ऑक्साइड एवं नाइटस ऑक्ससाइट ($O_2$, $Co_2$, $No_2$) सिलेन्डर की समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार रिफिलिंग कार्य करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण - सूचना

| निविदा का नाम | प्री बिड बैठक दिनांक | निविदा आनलाईन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में ऑक्सीजन,कार्बन ऑक्साइड एवं नाइटस ऑक्ससाइट ($O_2$, $Co_2$, $No_2$) सिलेन्डर की समय-समय पर दिये गये निर्देशानुसार रिफिलिंग कार्य करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण - सूचना | 23/08/23 दोपहर 12 बजे | 05.09.2023 शाम 6.00 तक | 05.09.2023 शाम 6.00 तक | 07.09.2023 दोपहर 12 बजे |

इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति ऑनलाईन वेबसाईट http/mptender.gov.in से एवं हमारी वेबसाईट www.bmcsagar.edu.in से भी निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है । निविदा में किये गये कोई भी संशोधन की जानकारी केवल महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जावेगी।

जी-18393/23

अधिष्ठाता
बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय
सागर ( म. प्र. )



**कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई जिला सागर (म.प्र.)**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/960 — खुरई दिनांक 11.08.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | काय का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 298094-1 14.03.2023 | कस्तूरबा गांधी छात्रावास में आवश्यक मरम्मत एवं पुताई कार्य | 03 माह 831263/- | 2000/- 8400/- | 28.08.2023 |
| 2 | 2023_UAD_ 298996-1 14.03.2023 | कस्तूरबा गांधी छात्रावास परिसर में फेन्सिंग एवं सीसी कार्य | 03 माह 818268/- | 2000/- 8200/- | 28.08.2023 |
| 3 | 2023_UAD_ 298997-1 14.03.2023 | डोहेला किले के अंदर सार्वजनिक शौचाालय का निर्माण कार्य | 03 माह 1685683/- | 2000/- 12700/- | 15.09.2023 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खुरई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खुरई



**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रं./लोक कर्म/न.नि./2023/40 — सागर दिनांक 16.08.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | काय का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 299363_1 16.08.2023 | मधुकर शाह वार्ड में मनोरमा कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में फ्लोरिंग रंगाई, पुताई क्षतिग्रस्त भाग को तोड़ने एवं आवश्यक सिविल कार्य (निगम निधि) | 04 माह 240399/- | 2000/- 2404/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 2 | 2023_UAD_ 299367_1 16.08.2023 | काकागंज वार्ड में चेम्बर एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 159278/- | 1000/- 3186/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 3 | 2023_UAD_ 299368_1 16.08.2023 | इंद्रानगर वार्ड में श्री विजय त्रिपाठी से मां हरसिद्धी मेडीकल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 450858/- | 2000/- 4509/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 4 | 2023_UAD_ 299372_1 16.08.2023 | सुबेदार वार्ड में जैन मंदिर गली में नाली निर्माण कार्य (निगम निधि)(द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 355105/- | 2000/- 3552/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 5 | 2023_UAD_ 299375_1 16.08.2023 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत एफ.एस.टी.पी. सी. कार्य- रंगाई, पुताई, पेंटिंग, शेड निर्माण, वृक्षारोपण एवं ग्रीननेट द्वारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य(निगम निधि) | 03 माह 438800/- | 2000/- 4388/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
कृते -आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर

देशबन्धु

सागर, गुरूवार 17 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लाल किले का कद घटाते नरेन्द्र मोदी

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस लहज़े में सम्बोधित किया वह उनकी प्रवृत्ति व तेवर के बहुत विपरीत तो नहीं था लेकिन ज्यादातर लोग मानकर चल रहे थे कि अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम स्वतंत्रता दिवस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख होने के नाते वे अमृत काल के समापन अवसर पर दिये जाने वाले उद्‌बोधन के जरिये राष्ट्र को गरिमामय तरीके से कोई अभिनव दिशा देंगे। आशा की गई थी कि बदहाली से विचलित व व्यथित देश की अवाम और हाल की अनेक घटनाओं से पीड़ित लोगों के ज़ख्मों पर मरहम लगाकर मोदी बतलाएंगे कि पूरा देश एक स्पंदित समाज है जिसके पास परस्पर सुख-दुख में एक-दूसरे को सम्भालने की ताकत है और जो उदार और संवेदनशील भी है।

मोदी ने एक बार फिर से सभी को निराश किया, जैसा कि वे इसी स्थान पर खड़े होकर पिछले 9 वर्षों से करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी संदेश दे दिया कि उनके पास कहने के लिये मौलिक कुछ भी नहीं है। इतिहास को कोसने और सारी योजनाओं का प्रतिफल कहीं दूर भविष्य में उपलब्ध करने वाला मोदी का यह भाषण उनके पिछले किसी भी अन्य उद्‌बोधन से कतई अलहदा नहीं था। 15 अगस्त का उल्लेख करने वाले उनके वाक्यों को हटा दिया जाये तो यह फर्क करना मुश्किल होगा कि मोदी ये बातें अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कर रहे हैं या संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष की आलोचना करने, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का इज़हार करने और हवाई किले बनाने की उनकी प्रवृत्ति स्थान और प्रसंग विशेष का भेद मिटा देती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जश्ने-आज़ादी-2023 का उनका वक्तव्य केवल उनके अपने पद की ही प्रतिष्ठा में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज करने के लिये याद नहीं किया जायेगा बल्कि वह राष्ट्र के सबसे पवित्र पर्व एवं सर्वोच्च मंच की गरिमा दोनों को ही धूल-धुसरित करने वाले ऐसे एकालाप के रूप में दाखिल हो गया है जिसका प्रदर्शन वे अपने दो बार के कार्यकाल में अनगिनत बार कर चुके हैं। चूंकि चुनाव जीतने और सत्ता बनाये रखने में 24×7 व्यस्त रहने वाले मोदी का सारा विमर्श परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की घिसी-पिटी बातों तक सीमित था अत: उनके पास देशवासियों को देने के लिये कुछ था ही नहीं।

यह अवसर तमाम क्षुद्रताओं व संकार्णताओं से उठकर कुछ नया कहने और करने की प्रेरणा देने वाला होता है। पिछले सारे प्रधानमंत्रियों ने यही किया है। कई पीएम ऐसे हुए जिनका कद न जवाहरलाल नेहरू जितना था, न ही लालबहादुर शास्त्री सा; और न ही इंदिरा गांधी जैसा। हर कोई समकालीन परिस्थितियों, अपनी विशिष्ट कार्य शैली और विचारधारा के अनुरूप देशवासियों से मुख़ातिब हुआ। सभी प्रधानमंत्री प्राचीर की सीढ़ियों के नीचे दलगत सियासत और निजी विचारों को छोड़कर उद्‌बोधन के लिये ऊपर चढ़ते थे।

वैसे तो मोदी के पहले के सारे वक्तव्यों में भी प्रकारांतर से विरोधियों को ललकारने, कोसने, नीचा दिखाने जैसे तत्व पाये जाते रहे परन्तु मंगलवार का सम्बोधन उनके वर्तमान कार्यकाल का आखिरी था जिसे उन्होंने यूं लिया मानों वे अपने राजनैतिक विरोधियों से हिसाब अंतिम रूप से चुकता कर रहे हों। उनका सर्वाधिक अभद्र प्रदर्शन वह था जब उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल यहां वे ही तिरंगा फहरायेंगे। ऐसा कहना एक तरह से सम्पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही अपमान है। आखिर कोई पीएम यह दावा कैसे कर सकता है कि अगले साल के मध्य में होने जा रहे आम चुनावों में जनता उनकी पार्टी को ही बहुमत से जिताएगी। दूसरे, भारत में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था तो है नहीं, जैसी कि अमेरिका में है जहां राष्ट्रपति प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होता है। यहां सबसे बड़े विजेता दल के द्वारा संसदीय दल में अपना नेता चुना जाता है जो सामान्य तौर पर उस पार्टी के द्वारा भी स्वीकृत होता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो उसके बारे में लोकप्रिय मान्यता यह है (जो काफी हद तक सही है) कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसे तय करता है उसे ही भाजपा कार्यकारिणी अनुमोदित करती है। मोदी के मामले में भी यही हुआ था। अगर मोदी अगले साल भी झंडा फहराने की बात करते हैं तो क्या यह समझा जाये कि उन्हें भाजपा व संघ की अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है? क्या वे इन दो संगठनों से बड़े हो गये हैं? अगर ऐसा है तो यह भाजपा-संघ दोनों के लिये चिंताजनक है।

गौतम अदानी के साथ उनके संबंधों को लेकर हुए खुलासों के साथ ही उनके नेतृत्व में भारत में फैली परस्पर नफ़रत, सामाजिक ध्रुवीकरण के कुत्सित प्रयासों से ऊपजी हिंसा (हालिया मणिपुर, मेवात, जयपुर-मुंबई ट्रेन में मुस्लिमों पर गोलीचालन आदि की घटनाएं), मानवाधिकार के हनन जैसे मुद्दों के कारण उनका चेहरा काफी दागदार हो गया है। इसके अलावा सतत मजबूत होते विपक्षी गठबन्धन ने मोदी की जमीन को खिसका दिया है। देश के भीतर व बाहर उनकी जबर्दस्त किरकिरी हुई है। अपनी इसी दरकती ज़मीन को बचाने के लिये मोदी ने लाल किले का इस्तेमाल एक ओर तो अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये किया तो वहीं अपनी दावेदारी भी पेश की है। मोदी का यह भाषण जनमत को नीचा दिखाना तो है ही, समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली का अपमान भी है। मोदी ने इस ऐतिहासिक अवसर एवं स्थान का जैसा इस्तेमाल किया है वह न केवल भौंडा है, बल्कि अनैतिक व अलोकतांत्रिक भी है। मोदी ने अपने पद की गरिमा ही नहीं गिराई, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से भारतीय गर्व के प्रतीक लाल किले का कद भी घटाया है।

# अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

दक्षिणपंथी सोच के लोग आजादी की लड़ाई के वक्त से गांधी-नेहरू से खौफ खाते थे। अंग्रेजों के खिलाफ जब देश के लाखों लोग गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, आजाद और भगत सिंह के नक्शे कदमों पर चलकर हंसते-हंसते कुर्बानी देने तैयार हो जाते थे, तब हिंदू महासभा जैसे संगठनों के अनुयायी अपने को बचाने, अंग्रेजों के वफादार बनने और इन स्वाधीनता सेनानियों के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहते थे। हालांकि इनकी कोशिशें कामयाब नहीं हुईं। देश स्वाधीनता सेनानियों और लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानियों की त्याग और तपस्या के बूते आजाद हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की निगाह में देश की आजादी से अधिक जरूरी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को खाद-पानी देना था। गांधीजी इस कोशिश में उन्हें बाधक की तरह दिखे तो बेझिझक गांधी की हत्या कर दी गई। लेकिन नेहरू उनके लिए बड़ी चुनौती बने रहे। आजादी के बाद जिस तरह पं. नेहरू ने देश को संभाला, आगे बढ़ाया, दुनिया के मानचित्र में भारत को प्रतिष्ठा दिलाई, दसियों देशों की आजादी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने, उससे नेहरू को लेकर संघ का डर और बढ़ता गया। संघ ने पांच-छह दशकों का लंबा इंतजार किया कि उसे किसी तरह नेहरू से बदला लेने का मौका मिले। नेहरू के बारे में बेबुनियाद, झूठी खबरें अफवाही तंत्र ने बहुत फैलाई और अब इस नापाक साजिश में और तेजी आ चुकी है। अब देश से नेहरू के नाम को मिटाने वाले फैसले लिए जा रहे हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। ये फैसला जून में ही लिया जा चुका था, लेकिन इसे 15 अगस्त के मौके पर ही अमल में क्यों लाया गया, ये गंभीरता से सोचने वाली बात है। कांग्रेस ने इस फैसले पर पलटवार किया है। लेकिन कांग्रेस को अब बातों से बढ़कर एक्शन में दिखने की जरूरत है। क्योंकि नेहरू के साथ अब आजादी के आंदोलन को खारिज करने की कोशिश भी शुरु हो गई है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली। साफ तौर पर समझ आता है कि देश में नए किस्म का इतिहास लिखने की तैयारी हो रही है। 1947 के पहले के इतिहास में भारत के लिए दक्षिणपंथियों का कोई योगदान दर्ज नहीं है, तो इसे छिपाने के लिए इतिहास ही बदला जा रहा है। कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह क्विट इंडिया के नारे को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से जोड़ रहे हैं, वो भी ऐसी ही कोशिश है। इस कोशिश को श्री मोदी लालकिले से भी दोहराते नजर आए। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार दसवीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस तरह डॉ.मनमोहन सिंह की बराबरी उन्होंने कर ली। लेकिन इस महत्वपूर्ण मौके की गरिमा बनाए रखने की जगह श्री मोदी ने चुनावी रैली की तरह लालकिले से भाषण दिया। उन्होंने ये तक कह दिया कि अगले साल भी वो ही आएंगे। उनके पहले जितने

> इलेक्ट्रानिक मीडिया के ( कु ) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली।

भी प्रधानमंत्री हुए, सभी में कोई न कोई कमी रही होगी, लेकिन आत्ममुग्धता से कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा ग्रसित नहीं रहा, जैसा मोदीजी दिखाई दिए।

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस पर भी बिना नाम लिए तंज़ कसते हुए कहा, ''देश के लोकतंत्र में एक बीमारी आई है- परिवारवादी पार्टी. इनका एक ही मंत्र है- परिवार को, परिवार के लिए, परिवार के द्वारा।''

वहीं श्री मोदी ने देश की तीन बुराइयां बतलाईं भ्रष्टाचार, परिवारवाद,और तुष्टिकरण। जब से इंडिया का गठन हुआ है श्री मोदी इन्हीं तीन विषयों को हर मंच से उठाते रहे हैं। लालकिले से उन्होंने घमंडिया और परिवारवाद क्विट इंडिया जैसी बातें नहीं की, लेकिन जो कुछ कहा उसका मतलब इसी के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने शुरुआत में ही मणिपुर की बात की, जबकि पिछले साढ़े तीन महीनों से मोदी मणिपुर पर बोलने से वे बचते ही रहे हैं। संसद में भी उन्होंने मणिपुर पर केवल 2 मिनट दिए, लेकिन लालकिले से मोदी ने कहा कि ''पिछले समय से मणिपुर में हिंसा का जो दौर चला. कई लोगों को हिंसा को शिकार होना पड़ा. मां- बेटियों के साथ अत्याचार हुआ लेकिन कुछ दिनों से शांति की ख़बरें आ रही है।'' उन्होंने कहा कि 'देश मणिपुर के साथ है। केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर समाधान के प्रयास कर रही है और करती रहेगी'। वहीं मणिपुर की घटना को देश की एकता के साथ जोड़ते हुए श्री मोदी ने कहा घटना मणिपुर में होती है तो दर्द महाराष्ट्र में होता है। ये बात शायद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के जवाब के लिए थी। लेकिन केवल दो लाइनों की बात चार हजार किमी की पदयात्रा का मुकाबला नहीं कर सकती।

खैर भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने मणिपुर से की तो आखिरी में अगले साल फिर से लाल क़िले से भाषण देने की बात कही। जनता से अगले साल भी आने के लिए आशीर्वाद की अपील करना अलग बात है, ये काम चुनावी मंच से होना चाहिए। मगर नरेन्द्र मोदी ने जनता के सामने ऐलान कर दिया कि वे अगले साल भी आएंगे, इसका मतलब ये है कि उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली को ठेंगा दिखला दिया। जनता को ये तय करने का अधिकार नहीं दिया कि अगले साल वह किसे प्रधानमंत्री चुनना चाहती है, बस अपना फैसला सुना दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इतनी अलोकतांत्रिक बात जनता किस तरह स्वीकार करेगी, इस पर मंथन बेहद जरूरी है। सवाल ये भी है कि क्या श्री मोदी राहुल गांधी के बढ़ते कद की वजह से डर रहे हैं। पहले इंडिया और अब भारत माता के नाम की चुनौती उनके सामने पेश हो रही है।

राहुल गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट किया कि 'भारत माता हर भारतीय की आवाज है! वहीं भारत जोड़ो यात्रा और भारत माता की आवाज के बारे में एक खुली चिट्ठी में राहुल गांधी ने लिखा- 'पिछले साल मैंने एक सौ पैंतालीस दिन उस ज़मीन पर घूमते हुए बिताए जिसे मैं अपना घर कहता हूं। मैंने समुद्र के किनारे से शुरुआत की और गर्मी, धूल और बारिश से गुज़रा। जंगलों, कस्बों और पहाड़ियों से होते हुए, जब तक कि मैं मेरे प्यारे कश्मीर नहीं पहुंच गया।'

मेरी भारत माता, जमीन का टुकड़ा-भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास-विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति-भर। बल्कि हरेक भारतीय की आवाज है भारत माता, चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो खुशी है, जो भय और जो दर्द है, वही है भारत माता।

भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी-जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन।

सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है।

भारत माता को देवी स्वरूप में प्रतिष्ठित कर उनकी जय-जयकार करने वालों को राहुल गांधी की ये बातें शायद ही समझ आएं। मगर देश को भारत माता के बारे में श्री गांधी के इन विचारों पर गौर करना चाहिए। वर्ना इतिहास का अधकचरा ज्ञान देश की आजादी को लील जाएगा।

# मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी

■ कल्याणी शंकर

क्या मणिपुर संकट का असर नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के पक्ष में हो सकता है? क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसका उपयोग उसी तरह कर सकेंगे जैसा कि एक अन्य विपक्षी नेता ममता बनर्जी ने 2011 के विधानसभा चुनावों में जीत के लिए पश्चिम बंगाल के सिंगूर और नंदीग्राम मामले में किया था? ये महत्वपूर्ण क्षण दुर्लभ और अविस्मरणीय हैं।

राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा।

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया। अब राहुल के लिए अपने लिए, अपनी पार्टी और विपक्ष के लिए बदलाव लाने का एक अनूठा मौका है।

> राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा। मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया।

2004 और 2014 के बीच, राहुल गांधी को डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने यह पद नहीं लिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रमुख के तौर पर वह कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके।

2014 में राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश के बाद से कांग्रेस बुरी स्थिति में है, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस एक दशक तक सत्ता से बाहर रही। 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव जीतना कांग्रेस के लिए नियंत्रण हासिल करने और उसकी बढ़ती बेचैनी को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल की वापसी से उनका, उनकी पार्टी और विपक्ष का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने खुद को मोदी के राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में पेश किया और जनता की सहानुभूति हासिल की। संसद से उनकी बर्खास्तगी को गरिमापूर्ण तरीके से निपटाने और अंतत: सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण उनकी बहाली ने बड़ी परिपक्वता का प्रदर्शन किया।

राहुल को अपनी गलतियों का अहसास है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली उनकी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा अर्जित की। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने निराश कांग्रेस समर्थकों को एकजुट किया। उन्होंने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में सक्षम है। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा और अन्य क्षेत्रीय नेताओं ने कांग्रेस समर्थकों के अलावा, आम जनता के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता पर ध्यान दिया।

राहुल को इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए परिपक्वता दिखाने और एक नया आख्यान विकसित करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सभी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। आम आदमी के नारे ने 2004 से 2014 तक पार्टी की सफलता और सत्ता बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आम आदमी से संबंधित रोजी-रोटी के मुद्दों को उठाना महत्वपूर्ण है। ये चुनाव जीतना राहुल के राजनीतिक कॅरियर में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

राहुल को शरद पवार (एनसीपी), ममता बनर्जी (टीएमसी), नीतीश कुमार (जद यू), एमके स्टालिन (द्रमुक) और अखिलेश यादव (सपा) जैसे वरिष्ठ विपक्षी नेताओं का समर्थन हासिल करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल की अयोग्यता के बाद, विपक्ष ने एकजुटता की दिशा में काम किया और अपने मतभेदों के बावजूद गठबंधन के साथ आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कांग्रेस भी शामिल थी। इसने छोटे क्षेत्रीय दलों की जरूरतों को समायोजित किया तथा उनके साथ समान व्यवहार किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यह कहने के बाद कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है, राहुल अब गठबंधन सहयोगियों के लिए अधिक स्वीकार्य हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य के बावजूद कांग्रेस पार्टी जोर पकड़ रही है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की अखिल-राष्ट्रीय प्रकृति के कारण गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यह भारत जोड़ो यात्रा और गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के बाद राहुल के संसद से निष्कासन और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण बहाली के बाद और भी अधिक है।

2019 में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, वह अभी भी पार्टी के लिए निर्णय लेते हैं। उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए और पर्दे के पीछे से काम करने के बजाय खुलकर काम करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल के नेता के रूप में राहुल को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए।

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए, जीवनयापन की बढ़ती लागत, मुद्रास्फीति और भोजन और दूध जैसी आवश्यकताओं की सामर्थ्य जैसे जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जहां राहुल का कांग्रेस की विचारधारा पर जोर देना महत्वपूर्ण है, वहीं लोगों की बुनियादी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक नई कहानी भी उतनी ही जरूरी है।

पार्टी को पुनर्गठित करना और जमीनी स्तर पर मजबूत बूथ समितियां स्थापित करना आवश्यक है। गांधी को सही व्यक्ति को सही काम सौंपना चाहिए। गठबंधन की ताकत के हिसाब से इंडिया गठबंधन से भाजपा के खिलाफ हर सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारना जरूरी है। इस प्रयास के लिए सहयोग और लचीलापन आवश्यक है।

राहुल गांधी ने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की है कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।

## पावन प्रसंग

# वर्तमान को साधें

समाज में अधिकांश व्यक्ति ऐसे ही होते हैं, जो वर्तमान का महत्व नहीं समझते। उपलब्ध परिस्थितियों का सदुपयोग न कर पाने और अनुपलब्ध की कामना करते रहने वाले, पाते कुछ नहीं, गंवाते ही अधिक हैं। जीने का आनंद और लाभ तब है, जब हम वर्तमान में जिएं। भविष्य की कल्पना में वर्तमान को छोड़ बैठने की भांति कितने ही व्यक्ति भूत का जीवन जीते हैं। वे ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसका अस्तित्व बहुत समय पूर्व समाप्त हो गया था।

भविष्य में क्या सफलताएं पाकर क्या-क्या आनंद उठाया जाएगा। इसके सुंदर सपने कई व्यक्ति इस प्रकार संजो लेते हैं कि वे यथार्थ जैसे लगते हैं। शेखचिल्ली की कहानी प्रख्यात है, जिसने तेल ढोने की मजदूरी मिलने के पूर्व ही उससे मुर्गी, बकरी, बीवीबच्चे प्राप्त होने का सपना इतना गहरा गढ़ लिया था, जिसमें तन्मय होकर वह सिर पर रखे घड़े को ही गंवा बैठा और मालिक द्वारा प्रताड़ना सहता फिरा। इसका कोई निश्चय नहीं कि भविष्य में क्या होगा? प्रयत्न करने पर परिस्थितियां मनचाही बन जाएं, यह कोई ठीक नहीं। चाहना ही सब कुछ नहीं है। परिस्थितियां कहीं से कहीं मोड़ ले सकती है और जैसा सोचा गया था, उससे सर्वथा पृथक प्रकार का जीवनयापन करना पड़ सकता है। सोचना एक बात है और पाना दूसरी बात। ऐसी दशा में अवास्तविकताओं के कल्पना लोक में विचरण करते रहने से किसी का क्या प्रयोजन सिद्ध हो सकता है।

महत्व वर्तमान का ही है। भूत के अनुभवों का मात्र इतना ही लाभ है कि जो सीखा गया है, उससे वर्तमान को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जाए। भविष्य चिंतन की उपयोगिता इतनी ही है कि उसके आधार पर वर्तमान की गतिविधियों को सुनियोजित किया जाए। वर्तमान के सुनियोजन न कर पाने और कुछ विशिष्ट बनने की कल्पना करते रहने वालों के हाथ से समय निकल जाता है। अंतत: उस किशोर की भांति पश्चाताप की अग्नि में जलना पड़ता है, जो जीवनपर्यन्त भटकता रहा। एक निश्चित लक्ष्य के अभाव में कुछ नहीं बन सका और सारा जीवन व्यर्थ चला गया। ऐसी स्थिति में कितने ही युवक-युवतियों की होती है। अपनी क्षमताओं का और उपलब्ध परिस्थितियों का ठीक प्रकार से एक निश्चित लक्ष्य में नियोजन नहीं कर पाते। दुनिया के रंग-बिरंगे आकर्षणों में उनका मन भटकता रहता है। फलत: वर्तमान छूटता जाता हैौर अंतत: यह भूल उन्हें वहां ले जा पकटती है, जहां कि पश्चाताप में सिर पीटने के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रहता। हरव्यक्ति को वर्तमान में जीना और उसी को ठीक प्रकार संजोने तक संभालने में दत्तचित रहना चाहिए। आगे-पीछे की बात सोचने में हर्ज नहीं, पर उनकी मर्यादा उतनी ही रहनी चाहिए, जो वर्तमान से तालमेल खाती है। आज जो संभव है, उसी को अधिक अच्छा बनाने का प्रयत्न किया जाए। अपनी बुद्धिमता, तत्परता और जागरुकता को उसी पर केंद्रित किया जाए। वर्तमान को परिष्कृत और श्रेष्ठ बनाने में ही बुद्धिमता है। किसी विचारक का कथन है 'जो बूत के साथ गुंथे रहते हैं, वे वृद्ध हैं, जो मात्र भविष्य की कल्पनाएं गढ़ते रहते हैं, वे बच्चे हैं तथा जो वर्तमान का सदुपयोग करते हैं, वे युवक हैं. बाल और वृद्ध की स्थिति से निकलकर हर व्यक्ति को अपनी युवा मनोभूमि का परिचय देना चाहिए। वर्तमान के सदुपयोग का अर्थ है- अपनी परिस्थितियों, योग्यताओं और साधनों को सुनियोजित करना।'

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कहां खड़े हैं आज हम ?

भारत ने वैश्विक पहचान हासिल करने के लिए ढेर सारी चुनौतियों को पार करते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने के लिए छोटे कदम उठाए। भारत ने आजादी के बाद से एक लंबा सफर तय किया है, कई सही और गलत फैसलों से परहेज किया है, जो कई ऐसे स्थलों को पीछे छोड़ता है जो विभाजन की पीड़ा से एक मजबूत, शक्तिशाली और विकासशील राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित करते हैं। हाल ही के दशकों में भारत धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्थान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है. पिछले चार दशकों में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और भारत ने भी काफ़ी ऊंचाइयां हासिल कर ली हैं। इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है। उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है। यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है। हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है। हालांकि भारत के कई नेता गति को आगे बढ़ाने और सामाजिक राजनीतिक संकट से बचने में विफल रहे, यह भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी का मामला था। भारत में विविधता के कारण, कहीं न कहीं आना मुश्किल है। हालांकि, अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) यानी एक समान नागरिक संहिता लगने के प्रयासों को रूढ़िवादी वर्गों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने दावा किया कि इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा।

पानी की तरह किलोमीटर पर भारत में भाषा बदल जाती है। इसलिए,हिंदी केवल आधिकारिक भाषा के रूप में लाना मुश्किल था और 1965 में तमिलनाडु के हिंदी-विरोधी आंदोलन जैसे हिंसा और गरमागरम बहस देखी गई। जनसंख्या नियंत्रण कानून 2019 का जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, जिसे 2022 में वापस ले लिया गया था। दो संतान नीति को आजादी के बाद से 35 बार संसद में पेश किया गया है। इन मसौदे की आम जनता द्वारा भारी आलोचना की गई थी। कृषि अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक दशकों से कृषि बाजार में सुधार की वकालत कर रहे हैं। इसने संकट से बचने के लिए तीन प्रमुख कृषि सुधार कानून जिन्हें निरस्त कर दिया गया को फिर से चुपके मोड में आगे बढ़ाने के बारे में सरकार को झिड़क दिया। लेबर कोड पर नियम आज तक टाले गए। कोड के परिणामस्वरूप कम टेक-होम पे और आसान छंटनी होगी। नि:संदेह सरकार को सुधार के मार्ग पर बहुत सावधानी से चलना होगा।

लोकतंत्र की सफलता में पहला है मतदान को अनिवार्य बनाना, जैसा कि कम से कम 30 लोकतंत्रों में किया गया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। देश जितना हिन्दू-मुसलमान सोशल मीडिया पर दिखाई देता है उतना है नहीं। आज का भारत किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। बदलते भारत के लोगों में अपने विवेक के आधार पर निर्णय करके देश को प्राथमिकता देने जैसी बातें प्रमुखता से सामने आईं। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है। साक्षरता के साथ-साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इससे आजाद होगा? अमृत महोत्सव के जश्न में डूबे, कहां खड़े हैं आज हम? सोचना होगा।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

## सार समाचार

### एकलव्य विश्वविद्यालय में मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस



**दमोह देशबन्धु।** 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में ध्वजारोहण कर आजादी का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सिद्धार्थ मलैया, एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया, कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे पूर्व सैनिक सीआरपीएफदेवेंद्र राजोरिया एवं पूर्व सैनिक भारतीय आर्मी मुकेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकाय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया ध्वजारोहण

# हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का पर्व





**दमोह देशबन्धु।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय के तहसील ग्राउण्ड पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने हर्षोल्लास के प्रतीक गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश रेणुका कंचन के साथ अन्य न्यायाधीशगण खासतौर पर मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री राजपूत ने खुली सफेद जीप में कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी और परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक हेमंत बरहैया के साथ परेड का निरीक्षण कर सभी का अभिवादन किया। इस अवसर पर सशस्त्र बलों की टुकड़ियों ने तीन चक्रों में हर्ष फायर किये और राष्ट्रपति का जयघोष किया। प्रभारी मंत्री राजपूत ने परेड उपरांत बल कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। समारोह में परेड कमांडर हेमंत बरहैया एवं द्वितीय परेड कमांडर अभिनव साहू के नेतृत्व में सशस्त्र और निशस्त्र दलों की टुकड़ियों ने कदमताल करते हुये मार्च पास्ट किया। इसमें विशेष पुलिस बल, सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस बल महिला, जिला पुलिस बल, होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर, एनसीसी जूनियर, स्काऊट दल, गाईड दल, शौर्यदल की टुकड़ियों ने भाग लिया। जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा भारत के 77 वें स्वतंत्रता-दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के जन-जन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ये गुलामी की जंजीरों के टूटने का दिन है, ये नये बीज से कोंपल फूटने का दिन है। ये देश की दिशा को मोड़ने का दिन है, ये भारत को एक सूत्र में जोड़ने का दिन है। ये शहीदों के बलिदान के यशगान का दिन है, ये 140 करोड़ भारतवासियों की मुस्कान का दिन है।

### सांस्कृति कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । एकलव्य विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ओडिशी समूह नृत्य शिव स्तुति एवं शिव शिशु विद्यालय तथा जयेश पटेल और उनकी टीम ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। प्रभारी मंत्री राजपूत ने मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वेयर हाऊस कार्पोरेशन एवं लॉजिस्टिक के अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक अजय टंडन, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, गोपाल पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष मालती असाटी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, वनमण्डलाधिकारी एमएस उईके, अपर कलेक्टर मीना मसराम, भरत यादव, भावसींग लोधी, लोकतंत्र सेनानी, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार मोहित कुमार जैन, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण, सम्मानीय मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक सोनवलकर, विपिन चौबे और सुनील जैन ने किया।

# युवा मोर्चा ने चारों विधानसभा में किया तिरंगा बाइक रैली का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दमोह द्वारा 77वें स्वाधीनता दिवस के पुनीत अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी एवं युवा मोर्चा के प्रभारी जिले के महामंत्री पंडित सतीश तिवारी के निर्देशन में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भारत यादव के मार्गदर्शन में दमोह जिले की चारों विधानसभा तीन सौ बाईक दमोह, दो सौ बाईक जबेरा, दो सौ बाईक पथरिया, दो सौ बाईक हटा में बिशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें दमोह विधानसभा से पांच मंडल दीनदयाल मंडल, दमयंती मंडल, बांसा मंडल, अभाना मंडल, बांदकपुर मंडल, की संयुक्त बाईक रैली दमोह मुख्यालय पर निकाली गई जबेरा विधानसभा की बाइक रैली तेंदूखेड़ा नगर में निकाली गई पथरिया विधानसभा की बाइक रैली पथरिया में निकाली गई हटा विधानसभा की बाइक रैली हटा नगर मैं निकाली गई दमोह जिले की चारों विधानसभा में आयोजित विशाल तिरंगा बाइक रैली के विधानसभा स्तर पर हुए सफल कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भरपूर सहयोग किया एवं युवाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रभारी सतीश तिवारी ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भरत यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की इस तिरंगा बाइक रैली की जितनी प्रशंसा की जाए कम है चारों विधानसभा में आयोजित हुए इस सफल आयोजन के लिए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बधाई के पात्र हैं अंत में जिलाध्यक्ष भारत यादव ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता का सारा श्रेय युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्षों उनकी संपूर्ण टीम एवं जिले भर के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं का है कार्यक्रम की सफलता में संपूर्ण योगदान युवा मोर्चा के चारों विधानसभा के मंडल अध्यक्ष उनकी टीम एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने तन, मन, धन, से जो सहयोग किया है उसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और एक बार पुन: बधाई देता हूं कि अपने युवा मोर्चा दमोह जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दियां

# भारत रक्षा मंच ने लगातार 12वें वर्ष वाहन रैली का आयोजन किया



**दमोह देशबन्धु।** भारत रक्षा मंच दमोह द्वारा निरंतर 12वें वर्ष स्थानीय गांधी चौक से विशाल वाहन रैली तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमे सैकड़ों की संख्या में देशप्रेमी युवाओं की मौजूदगी रही। विशाल वाहन रैली का प्रारंभ भारत माता की महाआरती से हुआ, तिरंगा यात्रा घंटाघर, स्टेशन चौराहा, कीर्ति स्तंभ टॉकीज चौराहा से होती हुई। पुरानी नगर पालिका पहुंच कर शहीद स्मारक पर देशप्रेमी युवाओं द्वारा माल्यार्पण किया व देश के अमर सपूतों को याद किया गया एवं शहर के गौ सेवकों, पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया गया एवं तिरंगा यात्रा के समापन पर युवाओं का आभार अभिषेक सोनी द्वारा व्यक्त किया गया ।

### प्राथमिक शाला देवरान टपरिया द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली

दमोह देशबन्धु। आजादी के अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और ग्राम वासियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पर बड़े उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। देश प्रेम के गीतों तथा नारों के साथ रैली सम्पन्न हुई, जिसमें प्रधानाध्यापक शीला पटेल, शिक्षिका नर्मदा बाई ठाकुर, शिक्षक कमलेश कुमार अहिरवार व कमला अहिरवार, लक्ष्मी कुर्मी एवं नारायण अहिरवार के साथ अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### महिला जैन मिलन कांच मंदिर ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

**दमोह देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर महिला जैन मिलन काँच मंदिर शाखा की सभी वीरांगना बहनों ने 77 वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास पूर्वक मनाया सभी वीरांगना बहनें दीनदयाल उद्यान में मिलकर राष्ट्रीय गीत गाकर, स्वतंत्रता दिवस एवं राष्ट्रीय गीत का महत्व बताया सभी वीरांगना बहानों ने अपने परिवार के साथ ध्वजारोहण किया । वीरांगना सीमा जैन (अध्यक्ष), वीरांगना मधु बजाज (क्षेत्रीय संयोजिका), वीरांगना कल्पना जैन (मंत्री), वीरांगना की उपस्थिति सराहनीय रही।

# भारत माता मंदिर पर किया ध्वजारोहण



दमोह देशबन्धु। जागरूक युवा संघ सेवा समिति दमोह द्वारा दमोह शहर के सबसे उच्चतम स्तर पर महाराणा प्रताप विद्यालय के पास नौगजा पहाड़ी पर स्थित भारत माता मंदिर पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेवा समिति अध्यक्ष नीलेश चौरसिया ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया।संघ संयोजक ठाकुर अखिलेश सिंह घोषी ने कहा कि जागरूक युवा संघ द्वारा विगत 2012 से भारत माता मंदिर पर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाता है उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। मंदिर समिति संरक्षक पार्षद कपिल सोनी के मार्गदर्शन सदैव ध्वजारोहण किया जाता है। ध्वजारोहण के अवसर पर जागरूक युवा संघ सेवा समिति अध्यक्ष नीलेश चौरसिया, संघ संयोजक ठाकुर अखिलेश सिंह घोषी, मृत्युंजय पाठक, महेंद्र राठौर, देवेंद्र सिंह लोधी, उदित सोनी, प्रदीप परिहार, प्रहलाद, सौरभ ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा आदर्श स्कूल में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

दमोह देशबन्धु। लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा आदर्श स्कूल में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब की एकता जुनेजा और पिंकी जुनेजा की तरफ से स्कूल के बच्चो के लिए सीलिंग फैन प्रदान किए गए। शिक्षा प्राप्ति हेतु विद्यालयों में जो भी सेवा करनी पड़ेगी उसमे मैत्री क्लब सदैव तत्पर रहा है। लीनेस क्लब अध्यक्ष रोजी बग्गा द्वारा ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अध्यक्ष रोजी बग्गा ने बच्चों को देशहित के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष आलोक पांडे जी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाया व सचिव सुबोध बजाज ने सबको शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण गीत व डांस प्रस्तुत किए। सचिव रजनी खरे लीनेस मैत्री क्लब द्वारा सभी शिक्षकों को आभार व्यक्त किया गया।

# कांग्रेस की परिवर्तन पदयात्रा का द्वितीय चरण प्रारंभ



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सगौनी ग्राम से पुन: कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक ने क्षेत्र के कांग्रेसजनों के साथ परिवर्तन यात्रा का द्वितीय चरण प्रारंभ किया पदयात्रा करते हुए उन्होनें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आम आदमी पर बिजली के भारी भरकम बिल मिलने के कारण बिजली विभाग उनके सामानों की कुर्की कर बिजली बिल जमा न करने पर उन पर आदालती कार्यवाही कर रही है उसके लिये कमलनाथ जी ने कहा है कि 100 युनिट माफ200 युनिट हाफकरेगें। इसी तरह गैस सिलेण्डीर 500 रूपये में देगें उनके साथ यात्रा कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हटा घनश्याम यादव, पटेरा अध्यक्ष हेमंत पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक, जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह, बृजेश गुप्ता, देवेन्द्र ताम्रकार, दिलीप पटेल, सुनील राय, शहजाद हुसैन ने भी नारी सम्मान यात्रा के फार्म भरवाते हुए क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनशासन प्रशासन से हल करवाने क आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत देवरी रतन में अवंती बाई लोधी की जयंती समस्त कांग्रेसजनों ने मनाकर पुन: यात्रा शुरूकरते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने महत्वपूर्ण कार्या में घोटाले कर सरकारी ठेकों में 50 प्रतिशत कमीशन लेकर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है आगामी चुनाव में जनता इनको ऐसा जवाब देगी कि इनकी घोषणायें फिसड्डी साबित होगी पदयात्रा में प्रमुख्य रूप से शनू खान, बाबूलाल सोनी, कैलाश ताम्रकार, लेखन, आनंद सिंह, साकिर खान, भगवत लोधी, नरेश, जमुना आदिवासी, राजू खरे सहित सैकड़ो क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रहीं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं....** करना नहीं, बल्कि यह बताना है कि अनजाने में कैसे रूढ़िवादिता की परंपरा चली आ रही है। कोर्ट का उद्देश्य यह बताना है कि रूढ़िवादिता क्या है और इससे क्या नुकसान है, ताकि कोर्ट महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से बच सकें। इसे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। कानूनी शब्दावली को कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। इस समिति में रिटायर्ड जस्टिस प्रभा श्रीदेवन और जस्टिस गीता मित्तल और प्रोफेसर झूमा सेन शामिल थीं, जो फिलहाल कोलकाता में वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंसेज में फैकल्टी मेम्बर हैं।

**10 महत्वपूर्ण सामाजिक ....**दर्शन में रहा है। सभी के सुखी और निरोगी होने की कामना करते हुए भारत की आत्मा कभी मरी नहीं। बाहरी आक्रमणों के कारण देश गुलामी का शिकार हुआ। इसके बाद आजादी का संघर्ष शुरू हुआ तब नाना साहब पेशवा, मंगल पाण्डे, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर वासुदेव फड़के, रासबिहारी बोस, लाल-बाल-पाल के रूप में जाने गए लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिनचंद्र पाल और फिर मदन मोहन मालवीय और महात्मा गांधी तक सभी ने वतन के लिए मरने-मिटने का कार्य किया। कई क्रांतिकारी जैसे भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाषचंद्र बोस, वीर सावरकर ने कड़ी सजाएँ भोगी और फांसी के फंदे पर चढ़ते हुए क्रांतिकारियों के पाँव नहीं काँपे। अशफाक उल्लाह खान, सुखदेव, उधम सिंह और अनेक क्रांतिवीरों ने भारत माता के उद्घोष के साथ जीवन का बलिदान दिया। ऐसे प्रयासों से भारत आजाद हुआ। इसके साथ ही देश के विभाजन की विभीषिका भुलाए नहीं भूलती। राष्ट्र के टुकड़े हो गए। कश्मीर की आजादी के लिए सेना लड़ रही थी। लेकिन युद्ध विराम हुआ और धारा-370 जैसे प्रावधानों से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की बात सामने आयी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गौरवशाली, वैभवशाली और सम्पन्न भारत के निर्माण के लिए गत 9 वर्ष में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी ने भी कहा था कि भारत सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं है। भारत एक जीता-जागता राष्ट्र पुरुष है। यह वीरों और ऋषियों की भूमि है। हमें राष्ट्र के लिए ही जीना-मरना है। दाह संस्कार के बाद हमारी राख भी गंगा में प्रवाहित होगी तब भी आवाज आएगी भारत माता की जय।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृतकाल में 21वीं सदी का एक समर्थ और समृद्ध भारत आकार ले रहा है। दुनिया भारत की ओर देख भी रही है और भारत से सीख भी रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ जनता की जिन्दगी बदलना मध्यप्रदेश सरकार का मिशन है। देश के 140 करोड़ लोगों के साथ ही दुनिया के 100 देशों को कोविड से बचाव की वैक्सीन उपलब्ध करवाने में प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से हम सभी परिचित हैं। आज हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत का मंत्र है, हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा?कि हम ऐसे मध्यप्रदेश का निर्माण कर रहे हैं, जहाँ गरीबी भी समाप्त हो रही है और पिछड़ापन भी। लोगों की आय भी बढ़ रहीं और आत्मविश्वास भी। मध्यप्रदेश सरकार शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के सुख को हर नागरिक तक पहुँचाने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। सेवा और सुशासन की प्रतिज्ञा के साथ मध्यप्रदेश के कायाकल्प का अभियान शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने विकास को त्यौहार का स्वरूप दे दिया है। पूरे प्रदेश में जुलाई और अगस्त माह में गाँव-गाँव और शहर-शहर में विकास पर्व की लहर चली। विकास पर्व में 45 हजार करोड़ रूपये से अधिक के कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण पिछले एक माह में सम्पन्न हुआ है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जी के समावेशी विकास, अंत्योदय, अधो-संरचना एवं निवेश, ग्रीन ग्रोथ, युवा-शक्ति, अर्थ-शक्ति और क्षमताओं के अधिकतम विकास को मिशन मोड में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के रूप में मध्यप्रदेश में प्रथम चरण में 83 लाख से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलवाया गया। द्वितीय चरण में 68 लाख से अधिक आवेदनों और करीब पौने दो लाख सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण किया गया। इस तरह विकास यात्रा, विकास पर्व और मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की त्रिवेणी ने प्रदेश की तस्वीर को बदला है।

महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ मध्यप्रदेश के प्रोफाइल को देंगी ऊँचाइयाँमुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आने वाले समय में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य प्रगति पथ, मालवा विकास पथ, मध्य विकास पथ और बुंदेलखंड विकास पथ जैसी महत्वाकांक्षी एक्सप्रेस-वे परियोजनाएँ मध्यप्रदेश की प्रोफाइल को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगी। राज्य सरकार ने कायाकल्प अभियान में चालू माली साल से शहरों की सड़कों के नवनिर्माण और संधारण के लिए 3 हजार करोड़ रूपए मंजूर करने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश आज साढ़े 13 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बन चुका है। नए विकास कार्यों पर 56 हजार करोड़ से अधिक की राशि का व्यय और अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ प्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बीना रिफायनरी के विस्तार के अंतर्गत पेट्रो केमिकल्स काम्पलेक्स बनाया जाएगा। प्रदेश की बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के बाद ओंकारेश्वर में संसार के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट का?निर्माण और साँची को सोलर सिटी बनाने से मध्यप्रदेश का भविष्य अधिक रोशन होगा। प्रदेश में 44 हजार 605 करोड़ लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना मंजूर हो चुकी है। प्रदेश में 486 सिंचाई परियोजनाओं से 33 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता बढ़ेगी।

मध्यप्रदेश देश का फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हवाई और रेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सुनियोजित प्रयासों से मध्यप्रदेश देश के सबसे फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन्स में उभर रहा है।

स्वर्णिम मध्यप्रदेश के लिए हमारा संकल्प, वर्ष 2030 तक हासिल करेंगे नई उपलब्धियाँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आजादी के अमृत काल में भविष्य के नए मध्यप्रदेश के निर्माण का सपना पूरा करने के संकल्प के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष 2030 तक नई उपलब्धियाँ हासिल करने का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश को फिर टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है। प्रदेश में इंसान की जिंदगी बेहतर बनाने के साथ ही वन्य प्राणियों के संरक्षण का अभियान जारी रहेगा। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री सामुदायिक युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम, चीफ मिनिस्टर्स यंग प्रोफेशनल्स फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम, पेसा समन्वयक और मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र से राज्य सरकार युवाओं को भागीदार बना रही है।

## सार समाचार

### कृषि विज्ञान केंद्र में छात्रों ने सीखे पौधा रोपण के हुनर



**नौगांव, देशबन्धु।** नगर में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में टीकमगढ़ जिले के कृषि महा बिद्यालय के फाइनल बीएसी के छात्रों ने डॉक्टर कमलेश अहिरवार के द्वारा पपीता, मुनगा के बीज को कैसे पॉलीथिन में रखकर पौधा उगाना है सिखाया गया उगे पौधे को कैसे संरक्षित करना है उसकी देखभाल करनी है सिखाया गया कृषि विज्ञान केंद्र में बाहर से कृषि महाबिधलयो के सेकड़ो छात्र कृषि से सम्बंधित हुनर सीखने आते है समय2 पर किसानों को प्रशिक्षण केंद्र पर दिया जाता है।

### नवीन कृषि उपज मंडी में ध्वजारोपण धूमधाम से मनाया गया



**नौगांव, देशबन्धु।** नवीन कृषि उपज मंडी में स्वतंत्रता दिवस हर्सोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ मंडी सचिव ममता वर्मा द्वारा किया गया ध्वजा रोहण इस मौके पर मंडी क्षेत्र के सभी ब्यापारी ,तुलावटी, हम्माल और गणमान्य नागरिक शामिल हुए ममता वर्मा के नेतत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयीं इसके बाद मंडी प्रागण में बृक्षारोपण किया गया सभी उपस्थित लोगों से एक एक पौधा रोपित करवाया गया सभी ने मिलकर एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही किसानों के हित को देखते हुए सभी लोगो से इंद्रदेव से बर्षा हेतु प्रार्थना करने को कहा गया बरसात होने से फसले सही होगी किसानों को खुशी होगी इस मौके पर प्रथम पुरूष्कार विजेता राहुल साहू द्वितीय विजेता सन्तोष साहू सहित सभी ब्यापारी उपस्थित रहे तुलावटी, हम्माल एवम मंडी स्टाफ मौजूद रहा।

### नगरपालिका सफाई कर्मियों को समय पर बेतन न मिलने पर बवाल



**नौगांव, देशबन्धु।** नगरपालिका की मुख्य अधिकारी नीतू सिंह से पत्रकारों ने पूछे सवाल अधिकारी कार्यालय से ही बाहर चली गयी तो बाहर खड़ी भीड़ ने सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू करदी जिसमे नगर के विभिन्न पार्टियों के छोटे बड़े नेता भी शामिल रहे मगर बात सही यह है कि अधिकारी को मीडिया के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए था मुद्दा सफाई कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान का है यह काफी समय से चल रहा है नगरपालिकाओं में बजट ना आने से यह परेशानी खड़ी हो रही है नगरपालिका टैक्स बसूली कर कर्मचारियों को वेतन दे रही है बसूली समय से ना होना ही लेट लफीति का कारण माना जा सकता है सूत्रों अनुसार सफाई कर्मियों ने तहसील पहुचकर इस संबंध ज्ञापन दिया जिस पर तत्काल जांच करवाने और वेतन सम्बंधी मामले को सुलझाने की बात अधिकारी ने कही है जांच होगी तो बात बहुत दूर तक जा सकती है क्योंकि बिसङ्गतिया बहुत है हर तरफ कोई भी पक्ष साफ नही है देखना होगा आगे क्या क्या होता है।

### गरिमामय ढंग से मनाया गया आजादी का जश्न

# आन-बान-शान से फहराया राष्ट्रीय ध्वज





**छतरपुर, देशबन्धु।** देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस जिले में उमंग और उत्साह से मनाया गया। पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किये गये, जगह-जगह आन-बान एवं शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। जिला मुख्यालय का मुख्य समारोह पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में संपन्न हुआ ।समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संदीप जी.आर. रहे, उन्होंने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्गान हुआ। मुख्य अतिथि श्री जी.आर. ने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के साथ वीआईपी वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप की पहल पर जिले के युवाओं को पायलट प्रशिक्षण प्रति आकर्षण के उद्देश्य से पायलट प्रशिक्षण केन्द्र के विमान द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई, जो कि छतरपुर के लिए ऐतिहासिक पल था।

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और मलखंभ आकर्षण का केन्द्र रहे। परेड की टुकडियों ने राष्ट्गान की धुन पर तीन बार हर्ष फायर किया। मुख्य अतिथि द्वारा देश की प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गये। समारोह में आकर्षक परेड देखने को मिली जिसमें विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष-महिला, होमगार्ड, एनसीसी बालक-बालिका, स्काउट गाइड और शौर्य दल की टुकडियों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व सूबेदार नृपेन्द्र सिंह, टूआईसी सुश्री प्रभा सिलावट थी। समारोह में मुख्य अतिथि श्री जी.आर. ने लोकतंत्र सेनानी लखन लाल चौरसिया, रामस्वरूप गुप्ता और राममूर्ति चौरसिया का शॉल श्रीफल और पुष्प माला से सम्मान किया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जो मेरी माटी मेरा देश, हर घर तिरंगा, जैविक खेती की ओर आकर्षित करती और देशभक्ति से ओतप्रोत थे। समारोह के अतिथि कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, नगरपालिका अध्यक्ष छतरपुर श्रीमती ज्योति चौरसिया, एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार पाठक, मलखान सिंह, डीआईजी ललित शाक्यवार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, कर्नल व्ही.के. सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर सिंह रमन, पत्रकार बंधु, छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद त्रिपाठी और राकेश खरे द्वारा किया गया।

**अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में एडीएम नमः शिवाय अरजरिया एवं एएसपी विक्रम सिंह ने छतरपुर शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम सिंह, रामकृपाल चौरसिया एवं लोकतंत्र सेनानी मधुसुदन पित्रये का शॉल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। इस दौरान एसडीएम बलवीर सिंह रमन, तहसीलदार सुश्री रंजना यादव उपस्थित रहीं।

**कलेक्टर ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कलेक्टर संदीप जी.आर. ने ग्राम मौराहा के शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। तत्पश्चात् मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पर्यावरण को हरा भरा बनाने और बेहतर स्वास्थ्य में फायदेमंद एवं पोषणयुक्त मुनगा का पौधरोपण किया। साथ अभियान में जुडक़र सभी से पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर सिंह रमन, तहसीलदार सुश्री रंजना यादव, जिला शिक्षाधिकारी एम.के. कौटार्य सहित गणमान्य नागरिक और आमजन उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह ने फहराया तिरंगा



### 77 वे स्वतंत्रता दिवस पर संस्थाओ में हुये ध्वजारोहण



**घुवारा, देशबन्धु।** नगर के समस्त शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओ में आजादी के 77 वे स्वतंत्रता दिवस को नगरवासियो द्धारा बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मानाया गया है नगर की समस्त संस्थाओ मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुये जिसमे शासकीय संस्थाओ मे नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह द्धारा तिरंगा फहराया गया ध्वजारोहण का कार्यक्रम सर्वप्रथम नगर के कन्या हाईसैंकडी स्कूल से प्रारंभ हुआ जिसमे नगर नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह ने मां सरस्वती व महा पुरूषो के चित्र पर फूल माला चढाकर तिरंगा फहराते हुये तिरंगे को सलामी दी तो वही विधालयो की बच्चियो के द्धारा राष्ट्गान गाया तिरंगा रोहण के उपरांत विधालया के प्राचार्य वीएल प्रजापति व समस्त स्टाप द्धारा अतिथियो का तिलक माला से स्वागत किया ।कन्या विधालय के उपरांत नगरपरिषद कार्यालय मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया जहा अध्यक्ष द्धारा तिरंगा फहराया गया तिरंगा फहराने के उपरांत कार्यक्रम मे पधारे जनसमुदाय का परिषद द्धारा तिलक लगाकर स्वागत किया वही मंच के माध्यम से सीएमओ रत्नेश दुवे ने सरकार द्धारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओ को बताते हुये जनता को अवगत कराया उसके उपरांत नगर के हाईसैंकडी विधालय मे ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप मे पधारी तहसीलदार ऋतु सिंघई व नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह द्धारा तिरंगा फहराया गया तो वही विधालय के बच्चो द्धारा देश भक्ति गीतो पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

## फसल को नुकशान पहुंचा रहे जंगली जानवर



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** बक्सवाहा ब्लॉक में इन दिनों फसलों पर वन्य जीवों का आतंक किसानों के लिए भारी पड़ रहा है जिसके चलते कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय दुबे, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसान प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार भरत पांडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया कि हमारे परिवारों का भरण पोषण खेती से होने वाली आय से चलता है। वहीं हमारी फसल लगभग तैयार होने को है लेकिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जंगली जानवरों का प्रकोप हमारी फसलों पर भारी पड़ रहा है थोडे समय के लिए भी अगर ध्यान न दे पाओ तो ये जंगली जानवर कुछ समय में ही कई एकड़ खेती चौपट करके चले जाते हैं।

वहीं जंगली जानवरों से फसल के बचाव के लिए कटीले तार एवं अन्य उपाय हम कर रहे हैं लेकिन उसमें जंगली जानवरों के फंस जाने पर जानवरों को होने वाली हानि से हम किसानों को फर्जी प्रकरण दर्ज होने का डर बना रहता है। किसानों ने कहा कि फर्जी प्रकरणों पर रोक लगाई जाए और जिन किसानों पर फर्जी प्रकरण बनाए गए हैं उसकी जांच कर खात्मा लगाया जाए साथ ही जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा करने में वन विभाग किसानों का सहयोग करे। ज्ञापन देने के दौरान भवानी सिंह ठाकुर, रामपाल सिंह, महपाल सिंह, गणेश सिंह, मोहनलाल सौर, कंछेदी सौर, बल्लू गोड़, हनुमत सिंह लोधी, मनोज अहिरवार, विजय सिंह लोधी सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

### इनका कहना है

मुड़िया गांव के किसानों द्वारा वन विभाग से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा साथ ही उचित कार्यवाही की जाएगी।

**भरत पांडे,** तहसीलदार

## जिला पंचायत के बाहर भूख हड़ताल पर बैठी मां-बेटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो निवासी एक वृद्ध महिला अपनी बेटी के साथ बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। दरअसल वृद्ध महिला का आरोप है कि उसके पति के स्वामित्व की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे हटवाने के लिए वह पिछले कई वर्षों से परेशान है। तमाम अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला है, इसलिए अब वह भूख हड़ताल पर बैठी है और जब तक उसे जमीन नहीं मिलेगी तब तक वह हड़ताल जारी रखेगी।

भूख हड़ताल पर बैठी 80 वर्षीय सुआबाई रैकवार की पुत्री मीरा रैकवार ने बताया कि छतरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अतरार में उसके पिता स्वर्गीय बसंता ढीमर के स्वामित्व की भूमि है जिस पर अतरार निवासी रामेश्वर प्रसाद तिवारी, रामशंकर तिवारी और संतोष तिवारी ने पिछले 5 वर्षों से कब्जा कर रखा है। जब भी वह अपनी जमीन पर जाने का प्रयास करती है तब उक्त लोगों द्वारा उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाती है।

मीरा रैकवार के मुताबिक वह तथा उसकी मां पूर्व में सभी अधिकारियों को अपनी समस्या बताकर न्याय की गुहार लगा चुकी है लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए अब वह अपनी मां के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी है। जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा तब उसकी हड़ताल जारी रहेगी।

### आरक्षक ने साथी के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे रक्तांजली अभियान के तहत एक आरक्षक ने अपने साथी कर्मचारी के लिए बुधवार को रक्तदान किया। बताया गया है कि पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक जिला अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें एबी प्लस रक्त समूह के रक्त की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी पुलिस लाइन के आरक्षक राम सिंह परिहार को मिली तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए अपने साथ की मदद की। इस मौके पर राम सिंह परिहार ने अन्य युवाओं को भी रक्तदान के प्रति जागरुक किया।

### हनुमान टौरिया में महाभंडारा

**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदू जोड़ो यात्रा के तत्वधान में संगठन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किए जाने वाले महाभंडारा कार्यक्रम का चौदहवां आयोजन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अद्धनारीश्वर महादेव मंदिर और टौरिया मंदिर को तिरंगे की थीम से सजाया गया था। महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं और कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसके साथ ही सर्किट हाउस तिराहा के पास बैठने वाले जरुरतमंदों और जिला अस्पताल में जरुरतमंदों को भोजन कराया गया। इस पुनीत कार्य में सैकड़ों रामभक्तों ने सहयोग किया।

## सावन की अंतिम अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में दिखा भक्तों का सैलाब



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को अमावस्या के अवसर पर पर्यटन नगरी के मतंगेश्वर मंदिर में श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान के बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। चूंकि यह अमावस्या सावन माह की अंतिम अमावस्या थी, जिसके चलते भक्तों की संख्या अधिक थी। सुबह 4 बजे से ही भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया था, जो देर शाम तक देखने को मिला। मतंगेश्वर मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान था। बुंदेलखंड अंचल सहित अन्य स्थानों से भी शिवभक्त खजुराहो पहुंचे और बेल पत्र चढ़ा कर खुशहाली की कामना की।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सड़वा के रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन विगत दिनों कर लिया था जिसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में बुधवार को मौत हो गई। परिजन गोलू अहिरवार ने बताया कि उसके छोटे भाई 23 वर्षीय नीरज अहिरवार ने विगत दिनों अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उससे कई बार पूछा कि आखिर उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद बुधवार को उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### लाखों रुपए नगद एवं ज्वेलरी लेकर चोर हुए फरार

# ड्रीम वैली कॉलोनी को चोरों ने बनाया निशाना, एक साथ 4 घरों में चोरी



नौगांव, देशबन्धु। नौगांव पुलिस थाना परिसर से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित शहर की सबसे सुरक्षित एवं पॉश कॉलोनी का दावा करने वाली ड्रीम वैली कॉलोनी में चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रूपए की नगदी एवं ज्वेलरी चोरी कर फरार हो गए।

शहर की सबसे सुरक्षित एवं पॉश कॉलोनी का दावा करने वाली ड्रीम कॉलोनी में मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने चार घरों के ताले चटका कर लाखों रुपए नगद एवं ज्वेलरी चोरी कर रफूचक्कर हो गए है। चोरी पीड़ित मकान मालिकों ने घर में चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक झांसी रोड पर पुलिस थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर स्थित ड्रीम वैली कॉलोनी में मकान नंबर 63 में रहने वाले मोहम्मद आसिफ, स्टेट बैंक में कार्यरत कर्मचारी रवि राय के मकान नंबर 107, मकान नम्बर 96 में रहने वाली शिक्षा विभाग में पदस्थ जयश्री चतुर्वेदी एवं कॉलोनी में ही जिम का संचालन करने वाले लवकेश शिवहरे की जिम में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिए। पीड़ित मोहम्मद आसिफ ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने पिता का इलाज कराने दिल्ली गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर घर में घुसकर लगभग डेढ़ लाख नगद एवं सोने चांदी के जेवरात सहित 3 लाख रुपए से अधिक का सामना लेकर फरार हो गए। तो वहीं ड्रीम वैली कॉलोनी में रहने रवि राय के घर से भी लगभग डेढ़ से दो लाख की नगदी एवं सोने चांदी की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिए। अज्ञात चोरों ने इसके अलावा शिक्षा विभाग में कार्यरत जय श्री चतुर्वेदी के यहां भी चोरों ने हाथ साफ कर दिए लेकिन श्रीमती चतुर्वेदी के भोपाल में होने के कारण चोरी होने का अनुमान नहीं पता चल पाया है। इसके अलावा चोरों ने कॉलोनी में जिम चलाने वाले लवकेश शिवहरे की जिम के भी चोरों ने ताले चटका दिए।

### अज्ञात चोरों ने फिर बनाया निशाना, नगदी सहित लाखों के जेवरात किए चोरी



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ रहा है, पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। चोरी का ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतगिरी कॉलोनी के लखेरा तिराहे से सामने आया है। बताया गया है कि यहां रहने वाला जैन परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उसके घर से लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। जब परिवार घर वापिस लौटा तब चोरी की जानकारी सामने आई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को आवेदन दिया, जसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सचिन जैन ने बताया कि वह 12 अगस्त को अपने परिवार के साथ आगरा गया था। घर में ताला लगाकर घर की चाबी वह अपने पड़ोसी को दे गए थे। सचिन के मुताबिक बुधवार को जब वह वापिस अपने घर आए तो उन्हें घर के दरवाजे पर दूसरा तला लगा हुआ मिला। इस ताले को जब उन्होंने अपनी चाबी से खोलने का प्रयास किया तो ताला खुल गया। अंदर जाकर पड़ताल की तो पता चला कि उनके घर में चोरी हुई। सचिन के अज्ञात चोर उसके घर में रखी 45 हजार की नगदी के अलावा तीन-चार सोने की अंगूठियां, एक सोने का मंगलसूत्र और करीब आधा किलो चांदी के जेवरात चुरा ले गए हैं। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। सचिन ने कोतवाली थाने में चोरी की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने एफएसएल एवं डॉग स्क्वॉड के साथ मौका मुआयना कर मामले की विवेचना शुरू की है।

### कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्वक मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में 77वां स्वतंत्रता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित उमंग, उत्साह, उल्लास से भरे गरिमामय मुख्य समारोह में कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के साथ परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद मुख्य अतिथि ने शांति एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे आकाश में छोड़े। इसके पश्चात परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय के नेतृत्व में परेड ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार, विवेक चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, शासकीय सेवक, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। मार्च पास्ट के पश्चात मुख्य अतिथि ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के साथ परेड कमांडरों रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, एसआई रघुराज सिंह, एसआई मुरारीलाल मालोटिया, एसआई कमल विक्रम पाठक, पी.सी. मुकेश साहू, सीनियर अण्डर ऑफीसर एनसीसी सीनियर डिवीजन राहूल चढ़ार, अण्डर ऑफीसर एनसीसी जूनियर डिवीजन क्रमांक 2 रानू रैकवार, एनसीसी जूनियर कन्या हायर सेकेण्डरी कु. वर्षा सेन, नवोदय विद्यालय एनसीसी गर्ल्स जूनियर विंग कु. यति कौशिक, नवोदय विद्यालय एनसीसी जूनियर डिवीजन सतेन्द्र सिंह चौधरी, स्काउट से यशवंत रैकवार, शा. शिशु मंदिर गाइड कु. सवा बानो, पुष्पा स्कूल हरिओम प्रजापति, महावीर स्कूल स्काउट मंगल सूयवंशी तथा शौर्य दल कु. नेहा चढ़ार से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात कलेक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले के वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एमके उपाध्याय तथा वीरेन्द्र चंसोरिया ने किया।

## पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में फहराया तिरंगा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया तथा आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत श्री काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के नेतृत्व में पुलिस लाइन से नगर के मुख्य मार्ग से होकर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटारे, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, थाना प्रभारी देहात श्रीमती प्रीति भार्गव सहित जिले के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं खेल विभाग के खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



### भाजपा युवा मोर्चा ने तिरंगा बाइक रैली निकाल कर दिया देश भक्ति का संदेश

## ढाई हजार बाईकों से ज्यादा का हुजूम रहा आकर्षण का केंद्र



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में विशाल विधानसभा बाइक रैली निकाल कर देशभक्ति का संदेश दिया गया। रैली में टीकमगढ़ विधानसभा का नगर मंडल, ग्रामीण मंडल, बुड़ेरा मंडल, कुंडेश्वर मंडल, बड़ागांव मंडल के कार्यकर्ता शामिल रहे। बाइक तिरंगा रैली का नजरबाग प्रांगण से मिश्रा चौराहा होते हुए नजरबाग प्रांगण में ही समापन हुआ। रैली में ढाई हजार से ज्यादा बाइकों पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के उत्साह में पूरे नगर में भ्रमण किया। अंत में गांधी चौराहे पर भारत माता की आरती करने के बाद पार्टी द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव ने की। जिलाध्यक्ष इंजी अभय यादव ने तिरंगा बाइक रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी शान है, हमारी धरोहर है, इसका हम भारतीय युवाओं को हमेशा सम्मान करना है। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तिरंगे को हाथ में लेकर पूरे उत्साह से देशभक्ति में रंगे हुए हैं, जो देश की अखंडता व संस्कृति का एक संदेश है। मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, जिला महामंत्री अश्विनी चढ़ार, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे रानू, बलवीर जोशी, रीतेश भदौरा, रोहित खटीक, मनोज देवलिया, पूर्व जिला महामंत्री प्रतेंद्र सिंघई, प्रफुल्ल द्विवेदी, मुन्नालाल साहू, शोभरन कुशवाहा, शक्ति राय, प्रजातंत्र गंगेले, रोहित बैसाखिया, पंकज प्रजापति, भाजयुमो पदाधिकारी आदित्य योगी, विनय सेन, प्रियंक चीकू यादव, अंकित तिवारी, चंद्रभान लोधी, स्वप्निल तिवारी, जितेंद्र जैकी यादव, शिवम विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक मैडी राय, बृजेंद्र लोधी, रामनरेश यादव, कपिल नामदेव, संदीप पटेरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सरोज कान्वेंट एवं जवाहर नवोदय विद्यालय प्रथम, होप एकेडमी स्कूल द्वितीय





जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्तिपूर्ण गीतों एवं लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा दी गई प्रस्तुति से मुख्य समारोह तालियों की गड़गड़ाहट की गूंज उठा। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के 8 विद्यालयों महावीर बाल संस्कार स्कूल, ग्वालियर पब्लिक स्कूल, पुष्पा स्कूल, होप एकेडमी टीकमगढ़, शास. कन्या उच्च मा.वि.टीकमगढ़, सरोज कान्वेंट हा.से. स्कूल, शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.1 तथा जवाहर नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर के छात्र-छात्राओं के दल द्वारा देश भक्ति पर केन्द्रित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसमें सरोज कान्वेंट हा.से. स्कूल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय टीकमगढ़ को संयुक्त रूप से पहला, होप एकेडमी टीकमगढ़ को दूसरा तथा पुष्पा स्कूल को तृतीय मिला। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी तथा जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन के साथ सभी विजेता विद्यालयों के दलों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये।

## सशस्त्र परेड में एसएएफ, हथियार रहित में एनसीसी की टुकड़ी



मुख्य समारोह में आयोजित परेड में एसआई मुरारीलाल मालोटिया के नेतृत्व में एसएएफ, एसआई कमल विक्रम पाठक के नेतृत्व में डीईएफ एवं पीसी मुकेश दुबे के नेतृत्व में होमगार्ड की टुकड़ियों ने हथियार सहित प्रदर्शन किया। एसएएफकी टुकड़ी को प्रथम, होमगार्ड की टुकड़ी को द्वितीय तथा डीईएफकी टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हथियार रहित परेड में एनसीसी सीनियर डिवीजन प्रथम तथा एनसीसी जूनियर डिवीजन क्रमांक 2, नवोदय विद्यालय एनसीसी गर्ल्स जूनियर विंग एवं नवोदय विद्यालय एनसीसी जूनियर डिवीजन को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं एनसीसी जूनियर कन्या हायर सेकेण्डरी तृतीय स्थान पर रही। शा. शिशु मंदिर गाइड को प्रथम तथा शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 टीकमगढ़ स्काउट को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक तथा जिला पंचायत सीईओ के साथ सभी विजेताओं के दलों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये।

## लोडिंग वाहन से बोलेरो की टक्कर में 2 युवकों की हालत गंभीर

**डॉक्टर ने किया ग्वालियर मेडीकल रैफर, सोमवार की रात 8 बजे की घटना**

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** नगर के धामना तिगैला पर बीते सोमवार 14 अगस्त की रात करीब 8 बजे भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 3 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां दो घायलों की गंभीर हालत होने पर ग्वालियर मेडिकल रिफर किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार की रात 8 बजे एक तेज रफ्तार बुलेरो कार टीकमगढ़ से दिगौड़ा की ओर आ रही थी। धामना तिगैला पर खड़े एक लोडिंग वाहन से बुलेरो कार जोरदार तरीके से टकरा गई। इस घटना में लोडिंग वाहन से टीकमगढ़ से आकर नीचे उतर रहे रामकिशन उर्फ किस्सू सोनी निवासी दिगौड़ा सहित बुलेरो कार में सवार मुकेश घोष व विजय रैकवार व्यक्ति निवासी दोर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी नीरज लोधी तत्काल पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना में तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में रामकिशन सोनी व विजय रैकवार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर द्वारा दोनों को ग्वालियर मेडिकल रिफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धामना तिगैला पर लोडिंग वाहन खड़ा था, जिसमें से रामकिशन सोनी नीचे उतर रहे थे। लोडिंग वाहन किराने के सामान से भरा था, बुलेरो की टक्कर लगने से लोडिंग वाहन में रखे हुए रिफाइंड तेल के डिब्बे टूट गए और सड़क के चारों तरफ तेल सहित अन्य सामान फैल गया। घटना में बुलेरो कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोडिंग वाहन में रखे हुए तेल के डिब्बों सहित अन्य किराने का सामान कुछ अज्ञात लोग उठा कर ले गए। कुछ लोग बता रहे थे कि बुलेरो कार का अचानक टायर फटने से यह घटना घटित हुई है।

### स्वतंत्रता दिवस पर भी समूह संचालक ने की मनमानी

## अधिकांश बच्चों के जाने के बाद आई पूड़ी सब्जी, नदारद रहा हलवा, खीर और लड्डू

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बर्माताल की शासकीय प्राथमिक शाला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में समूह संचालक द्वारा देर से मध्यान्ह भोजन लाया गया, तब तक कई बच्चे अपने घर चले गए। समूह संचालक द्वारा लाए गए मध्यान्ह भोजन में केवल पूड़ी व आलू की पतली सब्जी थी। छात्रों को खीर और हलवा के अलावा लड्डू भी वितरित नहीं किए गए। ग्राम पंचायत वर्माताल के सरपंच प्रतिनिधि गब्बर सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों ने बताया है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समूह संचालक के द्वारा स्कूल में देर से मध्यान्ह भोजन लाया गया जिसमें केवल आलू की पतली सब्जी और पूरी ही लाई गई। कलेक्टर के आदेश अनुसार पूरी सब्जी के साथ हलवा या खीर नहीं दिया गया और लड्डुओं का भी विद्यालय में वितरण नहीं किया गया। बर्माताल के ग्रामवासियों एवं विद्यालय के छात्रों ने समूह संचालक पर कार्यवाही कर मध्यान भोजन का वितरण करने वाली समूह को हटाने की मांग की गई है। विदित हो कि इस सत्र में विद्यालय खुलने के बाद से ही प्राथमिक स्कूल के छात्रों को खाना वितरित नहीं किया जा रहा है। स्कूल में बैठे छोटे-छोटे बच्चे भूखे बने रहते हैं। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व में पंचनामा बनाकर समूह को हटाने की मांग शासन व प्रशासन से की गई थी। स्कूल के शिक्षक ने बताया था कि जब से स्कूल प्रारंभ हुए हैं, तभी से मध्यान्ह भोजन



का वितरण छात्रों को नहीं किए जाने की जानकारी संकुल केन्द्र में भेजी गई थी लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हो सका है।

### विधायक राकेश गिरी ने किया भूमि पूजन

## 37 लाख की लागत से कुंडेश्वर में किए जाएंगे निर्माण कार्य



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा में विधायक राकेश गिरी द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार के दिन ग्राम पंचायत कुंडेश्वर धाम में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों का ग्रामवासियों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक राकेश गिरी ने अतिथियों के साथ ग्राम पंचायत कुंडेश्वर धाम में माध्यमिक शाला की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, नवीन शांति धाम, पार्क निर्माण, नाली निर्माण, मुख्य द्वार निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों की सरकार है। हमारी सरकार की मंशा है पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़ व्यक्ति को लाभ मिले। उन्होंने बताया कि कुंडेश्वर धाम में 3.75 लाख की लागत राशि से माध्यमिक शाला की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, 2.98 लाख की लागत राशि से नवीन शांतिधाम निर्माण, 10 लाख की लागत राशि से पार्क निर्माण, 10 लाख की लागत राशि से नाली निर्माण, 4 लाख रुपए की लागत राशि से प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का जनप्रतिनिधियों के साथ विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। इस भूमि पूजन के अवसर पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता आर. बी. सेन, ब्रजकिशोर पटैरिया, राजकुमार गिन्नी यादव, प्रत्येन्द्र सिंघई, रोहित खटीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण नामदेव, सरपंच अनिता दिनेश खटीक एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पूर्ण आहुति और भंडारे के साथ प्रभु प्रेम पर्व का समापन

**सावन माह में भक्ति भाव एवं विधि विधान के साथ 15 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न**

**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 भगवान हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित 21 लाख पार्थिव शिवलिंग एवं मानस प्रवचन का पूर्ण आहुति एवं भोज भंडारे के साथ समापन किया गया। नगर में 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजक एवं निर्देशक पंडित अवधेश शास्त्री जी महाराज के निर्देशन में तैनात की गई व्यवस्थाओं की चारों ओर प्रशंसा नगर मे की गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम के आयोजक एवं निर्देशक पंडित अवधेश शास्त्री एवं शिव अभिषेक कार्यक्रम के आचार्य पंडित सत्येंद्र शास्त्री महाराज समेत मानस प्रवचन की कथावाचक साध्वी अंजली पांडे का आशीर्वाद लिया। बुधवार के दिन प्रातः 9 बजे से पूर्ण




आहुति का कार्यक्रम 12 बजे तक चलता रहा। जिसके बाद शिव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर प्रांगण में भोज भंडारे का कार्यक्रम कन्याओं के पूजन से प्रारंभ किया गया जो कि देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में समूचे क्षेत्र की जनता उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव सेवा समिति समिति अध्यक्ष महेश सोनी, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश असाटी, ज्ञानचंद मौर्य, रामबगस यादव, मनोज सोनी, सोनू विश्वकर्मा, सियाराम यादव, जय हिंद यादव, शिवम यादव, वीरेंद्र सेन, वीरेंद्र राय, आशीष सोनी, रतिराम कुशवाहा, गोपाल नायक, पीडी पाल, शंकर साहू, जगदीश राजौरिया, महेश जायसवाल, राकेश गुप्ता आदि समिति पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए प्रतिवर्ष सावन मास में ऐसे आयोजन किए जाने की बात रखी।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति माया खरे सरपंच
श्री फूलसिंह पटेल सचिव
श्री देवेन्द्र खरे सांसद प्रतिनिधि
सौ.- ग्राम पंचायत रसेना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश वर्मा उप पंजीयक अधिकारी
अरविंद दीक्षित कम्प्यूटर ऑपरेटर
सौ.- समस्त सर्विस प्रोपाइटर देवरीकलां

श्री जगन बिरोन एसडीएम
दीपक सिंह ठाकुर जनभागीदारी अध्यक्ष
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. ओम प्रकाश दुबे प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी
सौजन्य- समस्त स्टाफ नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गजराज यादव लीड प्रबंधक
सौजन्य- सेवा सहकारी समिति, बीना बारहा (देवरी)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति प्रीति रानी चौरसिया तहसीलदार
श्री यशवंत कोष्टी
सौजन्य- समस्त कर्मचारी तहसील देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अरविंद रजक कार्यालय प्रभारी
श्री संदीप जैन (बबलू सिनेमा) जिला महामंत्री किसान मोर्चा
सौजन्य- समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा देवरी

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समूचे प्रदेशवासियों एवं देशवासियों का हार्दिक अभिनंदन

विकास के यज्ञ में परिश्रम की महक है,
यही तो मां भारती का अनुपम श्रृंगार है।
गरीब-अमीरी बने नए हिंद की भुजाएं,
बदलते भारत की यही तो पुकार है।
देश पहले भी चला और आगे भी बढ़ा,
अब न्यू इंडिया दौड़ने को बेताब है,
दौड़ना ही तो न्यू इंडिया का सरोकार है।

डॉ. अवनीश मिश्रा संचालक
सौजन्य-पं. बृजकिशोर पटेरिया महाविद्यालय, देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुख्य अतिथि फादर जॉन पेट्रिक
विद्यालय प्रबंधक -सिस्टर बेनिता सी.जे
प्रधानाचार्या सिस्टर सरिता सी.जे
सौजन्य- सेन्टमैरी कान्वेट स्कूल, रजौला देवरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री मानसींग ठाकुर पटवारी महाराजपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मीनेश मदौरिया थाना प्रभारी
सौजन्य- समस्त स्टाफ थाना महाराजपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति ज्योति राय, प्राचार्य
सौजन्य : समस्त स्टाप सीएम राईज स्कूल देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री महेश पटेल, सरपंच
सौजन्य : ग्राम पंचायत झुनकू, देवरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनी फिलिंग स्टेशन एनएच 44 फोर लाईन सेमराखेड़ी, देवरी
सोनी वेयर हाऊस सेमराखेड़ी, बाबूलाल शिवदयाल ज्वलेर्स
सौरभ सोनी सोनल सोनी
सौजन्य- सोनी स्टोन क्रेशर एवं सोनी पेट्रोल पंप देवरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नीलेश आठिया पटवारी
सौजन्य- समस्त पटवारी संघ देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अजय नगरिया, प्राचार्य
सौजन्य : शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय देवरी




समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री विनय दीक्षित, समिति प्रबंधक
सौजन्य : सेवा सहकारी समिति, बेलढाना, देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री भैरव व्यारे, सरपंच
सौजन्य : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत खकरिया

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. डॉ. परशुराम साहू पूर्व मंत्री
श्री हेमंत साहू प्रदेश सह संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ
सौजन्य : समस्त भाजपा कार्यकर्ता देवरी विधानसभा क्षेत्र

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमय सिंह ठाकुर राजस्व निरीक्षक नजूल जांच देवरी
सौजन्य : अमित सिंह ठाकुर देवरी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील-
पानी का अपव्यय रोंके।
नलों में टोंटियां लगवाकर रखें।
समस्त करों का भुगतान समय पर करें।
जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन समय पर करावें
भवन निर्माण, अनुमति प्राप्त करने पर ही करें।
श्रीमति नेहा अलकेश जैन अध्यक्ष
श्री नहीम खान उपाध्यक्ष
श्रीमति ज्योति सुनेरे सीएमओ
सौ.- समस्त नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी देवरी

नोबल परिवार की ओर से समस्त देशवासियों को
15 August स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
नोबल परिवार की शैक्षणिक संस्थाएं
- नोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सागर
- नोबल कॉलेज, सागर (डिग्री कॉलेज)
- नोबल डिस्टेंस लर्निंग सेंटर (चित्रकूट, माखनलाल, भोज वि.वि.)
- नोबल स्किल डेवलपमेंट सेंटर (NSDC), सागर
- नोबल पब्लिक स्कूल, देवरी (Affiliated to CBSE)
- NIOS स्टडी सेंटर, देवरी
- नोबल कॉलेज, देवरी
- नोबल स्किल डेवलपमेंट सेंटर (NSDC), देवरी
- नोबल पब्लिकेशन

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति रीना धरमदास चढ़ार सरपंच
श्री सुरेश कुर्मी सचिव
श्री अनुराग जैन रोजगार सहायक
सौजन्य : ग्राम पंचायत सिमरिया

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं!
सौ. आकांक्षा / संतोष सोनी सरपंच ग्राम पंचायत महाराजपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति उमा जगदीश पटेल सरपंच
श्री राजा सिंह राजपूत सचिव
श्री नीरज कुर्मी रोजगार सहायक
सौजन्य : ग्राम पंचायत छिंदली

विज्ञापन एवं समाचार पत्र के लिए संपर्क करें- कमलेश खरे संवाददाता देवरी, मो.-9981900705, 9340238259

